मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
# उत्तरशक्ति
हिन्दी दैनिक
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 93
सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## बिहार चुनाव एनडीए का 'महाबंटवारा' फाइनल, जेडीयू-बीजेपी दोनों 101-101 सीटों पर लड़ेंगे

- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें
- राष्ट्रीय लोक मोर्चा तथा हिंदुस्तानी आवाम पार्टी (सेक्युलर) को 6-6 सीटें





**पटना, 12 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसकी पुष्टि जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर की।

243 सीटों के इस बंटवारे के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं, और गठबंधन के अन्य दो सहयोगी दल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा तथा हिंदुस्तानी आवाम पार्टी (सेक्युलर) को 6-6 सीटें दी गई हैं।

सीटों का यह बंटवारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू के लिए एक बड़ा समझौता है। 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में, जेडीयू ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार, पार्टी 14 सीटों का सीधा नुकसान झेलकर 101 सीटों पर सिमट गई है, जबकि भाजपा भी अपनी पिछली 110 सीटों की संख्या से कम पर आ गई है। गठबंधन में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के शामिल होने से सीटों के गणित पर काफी असर पड़ा है। जेडीयू नेता संजय कुमार झा ने इस बंटवारे का स्वागत करते हुए कहा, 'एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता इसका खुशी से स्वागत करते हैं और नीतीश कुमार को भारी बहुमत से फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट हैं।'

बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के महागठबंधन या इंडिया ब्लॉक ने अभी तक अपने साझा सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले की घोषणा नहीं की है।

## मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर 'बम' धमकी देने वाला अयप्पन गिरफ्तार, आदतन अपराधी निकला



**तमिलनाडु , 12 अक्टूबर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के आधिकारिक आवास पर बम रखे होने की झूठी धमकी देने के आरोप में पुलिस ने रविवार को 36 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अयप्पन के रूप में हुई है, जो पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रह चुका है।

आरोपी अयप्पन ने शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में कॉल करके मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में बम रखे होने का दावा किया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। मौके पर बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और तेनाम्पेट पुलिस थाने के कर्मी भेजे गए। गहन तलाशी के बाद परिसर को सुरक्षित घोषित कर दिया गया, और पुलिस ने पुष्टि की कि यह एक फर्जी कॉल थी।

जांच के बाद चेंगलपट्टू जिले के तिरुपोरूर निवासी अयप्पन को फर्जी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया और कॉल करने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि अयप्पन एक आदतन अपराधी है। अयप्पन ने वर्ष 2020 में भी कोयंबेडु बस टर्मिनस, एगमोर रेलवे स्टेशन और चेन्नई हवाई अड्डे पर इसी तरह की झूठी धमकियां दी थीं। वर्ष 2021 में, उसे मुख्यमंत्री के आवास पर ऐसी ही एक फर्जी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, आरोपी शारीरिक रूप से दिव्यांग है, उसकी दो बेटियां हैं और वह शराब का आदी है। उसे भविष्य में ऐसे अपराध न करने की सख्त सलाह दी गई है और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## डीआरआई ने मुंबई हवाई अड्डे पर 12 .58 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया, 13 लोग गिरफ्तार



**मुंबई, 12 अक्टूबर।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई हवाई अड्डे पर 12.58 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है और इस संबंध में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ह्यऑपरेशन गोल्डन स्वीपह्न के तहत डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई ने सोने की तस्करी के गिरोह का पदार्फाश किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में हवाई अड्डा कर्मचारियों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में दो बांग्लादेशी और छह श्रीलंकाई नागरिक भी शामिल हैं। कुल 10.5 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 12.58 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पहुंचने पर, संबंधित ट्रांजिट यात्री तस्करी का सोना अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र में मौजूद हवाई अड्डे के कर्मचारियों को सौंप देते थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद कर्मचारी सोने को हवाई अड्डा परिसर से बाहर ले जाकर बाहरी लोगों को सौंप देते थे।

## भारत-अमेरिका रिश्तों में फिर दिखी गर्माहट, क्वाड समिट में शामिल हो सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप



**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर।** फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के रिश्तों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत के बाद यह किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की पहली उच्चस्तरीय अमेरिकी यात्रा थी। इसी दौरान वॉशिंगटन डीसी में हुई मोदी-ट्रंप मुलाकात की एक तस्वीर हाल ही में अमेरिका के नए राजदूत-नामित सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री को भेंट की, जो दोनों देशों की कूटनीतिक निकटता का प्रतीक मानी जा रही है।

बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों में काफी मजबूती आई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, 2024 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 186 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जिसमें भारत को करीब 41 अरब डॉलर का अधिक फायदा हुआ। गौरतलब है कि यह आंकड़ा भारत के निर्यात क्षेत्र में बढ़ते कद और अमेरिकी बाजार में मजबूत मौजूदगी का संकेत देता है।

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की नीतियों ने इन संबंधों पर कुछ असर डाला है। विशेष रूप से वीजा नियमों और बढ़ते टैरिफ से भारतीय उद्योग जगत में चिंता बनी हुई है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त से लागू होने जा रहे अमेरिकी टैरिफ से भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के निर्यात में 70 प्रतिशत तक की गिरावट संभव है।

इसके बावजूद, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संवाद में कोई रुकावट नहीं आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी फरवरी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप को इस वर्ष भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। गौरतलब है कि यह बैठक भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी।

हालांकि शुरू में यह संभावना कम मानी जा रही थी कि ट्रंप इस बैठक में शामिल होंगे, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उम्मीदें फिर जगा दी हैं। सर्जियो गोर ने पिछले महीने कहा था कि राष्ट्रपति क्वाड देशों के साथ मजबूत सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे यह संकेत मिला कि ट्रंप भारत आने पर विचार कर सकते हैं।

कूटनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ट्रंप इस सम्मेलन में भाग लेते हैं, तो यह न केवल भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देगा बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने का भी मजबूत संदेश होगा।

कुल मिलाकर, भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में उतार-चढ़ाव के बावजूद सहयोग की नई संभावनाएं उभर रही हैं और यह साफ दिख रहा है कि दोनों देश आर्थिक मतभेदों के बावजूद साझा रणनीतिक हितों को प्राथमिकता देते हुए भविष्य की साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे होने पर बधाई के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया



**आंध्र प्रदेश, 12 अक्टूबर।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता एन चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके 15 साल पूरे होने पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को नायडू से बात की और उनके राजनीतिक सफर की सराहना की तथा आंध्र प्रदेश के कल्याण के लिए काम करते रहने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी, आपके इन स्नेहपूर्ण शब्दों के लिए धन्यवाद। मैं आपके सहयोग से स्वर्णिम आंध्र के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और यह सुनिश्चित करूंगा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व में यह (राज्य) आपके विकसित भारत के मिशन में एक अग्रणी शक्ति बने।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रबाबू नायडू से बात की और उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे करने पर बधाई दी। उनका आधुनिक दृष्टिकोण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता उनके पूरे राजनीतिक जीवन में निरंतर बनी रही है।

उन्होंने कहा, मैंने चंद्रबाबू के साथ कई मौकों पर निकटता से काम किया है, जिसकी शुरूआत उस समय हुई जब हम दोनों 2000 के दशक के शुरू में मुख्यमंत्री थे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि वह आंध्र प्रदेश के कल्याण के लिए पूरी लगन के साथ इसी तरह काम करते रहें। नायडू ने पहली बार एक सितंबर, 1995 को संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने 1995 से 2004 तक लगातार सेवा की और 2014 और 2024 में मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

### स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध चल रहे वीडियो को 48 घंटे में हटाएं : उच्च न्यायालय

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शनिवार को मेटा और गूगल को जगतगुरु स्वामी राम भद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित आपत्तिजनक वीडियो 48 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने शरद चंद्र श्रीवास्तव और अन्य की याचिका पर यह आदेश जारी किया। पीठ ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और गूगल को याचिकाकताओं से यूआरएल लिंक लेने और स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ कथित आपत्तिजनक सामग्री को 48 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया।






# राग स्वदेशी: हकीकत और फसाना



-तनवीर जाफरी

हमारे देश में स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करने के लिये प्रायः आवाज बुलंद की जाती है। भारत में स्वदेशी सामानों के इस्तेमाल पर जोर इसलिए दिया जाता है क्योंकि इससे देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से कई महत्वपूर्ण लाभ होते हैं। देश में स्वदेशी सामान की खपत से स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ता है, जिससे स्थानीय उद्योगों को बल मिलता है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं और बेरोजगारी की समस्या कम होती है। इसके अतिरिक्त विदेशी उत्पाद पर निर्भरता भी कम होती है। इसीलिये कभी सरकार की तरफ से देश को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से स्वदेशी अपनाने के बारे में देश को जागृत करने के प्रयास किये जाते हैं तो कभी स्वदेशी उत्पादों के नाम पर अपना व्यवसाय चलाने वाले भी 'स्वदेशी अपनाओ ' की बातें करते नजर आते हैं। परन्तु क्या वजह है कि हम तो स्वदेशी का राग ही अलापते रह जाते हैं उधर पड़ोसी देश चीन का बड़े भारतीय बाजार पर कब्जा हो जाता है ? चीन निर्मित शायद ही कोई ऐसा जीवनोपयोगी उत्पाद हो जिसकी भरपूर खपत भारत में न होती हो। परन्तु हमारे देश में स्वदेशी अपनाओ का शोर तो ज्यादा सुनाई देता है परन्तु उसकी गुणवत्ता सुधारने या उचित कीमत में आकर्षक,टिकाऊ व योग्य वस्तु का उत्पादन करने पर जोर कम दिया जाता है।

स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई प्रमुख अवसरों पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने के संबंध में जनता से अपील कर चुके हैं। वे दुकानों को स्वदेशी वस्तुओं से सजाने और भारतीय उत्पादों को गर्व से उपयोग करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करते रहते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब भारतीय सामान वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाएं और प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल पर गर्व महसूस करे। इसीलिये प्रधानमंत्री अक्सर 'वोकल फॉर लोकल' की बात करते सुने जाते हैं जिसमें स्थानीय बाजार और उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है। निःसंदेह भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग तभी मजबूत होगा जब देशवासी अपने उत्पादन, तकनीक और नवाचार में स्वदेशी को प्राथमिकता दें। विदेशी वस्तुओं की जगह देसी उत्पाद को पहचान और सम्मान देना आज के दौर में राष्ट्रीय हित, सुरक्षा और आर्थिक मजजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

परन्तु सवाल यह है कि भारतवासियों के लिये स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली कंपनियां या उद्योग अपने आप में कितने विश्वसनीय हैं ? क्या वजह है कि देश के लोगों को भारतीय उत्पाद की तुलना में अनेक विदेशी उत्पाद ज्यादा पसंद आते हैं। कई विपक्षी नेता तो यहां तक कहते हैं कि स्वदेशी अपनाने का पाठ पढ़ने वाले प्रधानमंत्री स्वयं विमान से लेकर मोबाईल फोन,पेन,चश्मा व घड़ी आदि सब कुछ विदेशी प्रयोग करते हैं ? स्वदेशी उत्पाद बनाने व बेचने वाले रामदेव भी पूरे देश को स्वदेशी अपनाने की शिक्षा देते रहते हैं। परन्तु अनेक बार उनके उत्पाद मिलावटी या निर्धारित मानकों के प्रतिकूल पाए गये हैं। सेना सहित कई प्रमुख जगहों से पतंजली के उत्पाद हटाये जा चुके हैं। कई बार उनके उत्पाद गुणवत्ता के मानक पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में स्वदेशी उत्पाद की विश्वसनीयता पर सवाल तो उठेगा ही ?

इसी तरह पिछले दिनों तमिलनाडु में बने 'कोल्ड्रिफ' नामक कोल्ड सीरप ने देशभर में हंगामा खड़ा कर दिया। इस सिरप के पीने से अब तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, और अन्य राज्यों के 26 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है। यह मामला भारत में स्वास्थ्य और दवा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित इस विषाक्त सीरप के सेवन से अनेक बच्चों की किडनी फेल हो गयी और कई बच्चों की मौत हो गई। 14 वर्षों से निमार्णाधीन यही सीरप आखिरकार रिक्तियों, नियमों के उल्लंघनों और मिलावट के कारण अपनी गुणवत्ता पर खरा नहीं उतरा और जहरीला साबित हुआ। क्या इस तरह की घटना भारत की दवा सुरक्षा प्रणाली की गंभीर चूक का संकेत नहीं है? निश्चित रूप से इस जहरीली दवा के निर्माण में मानकों का उल्लंघन हुआ, और इसे कई वर्षों तक बिना उचित निगरानी के बाजार में फैलने दिया गया। बेशक सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने की बात भी की है परन्तु जिनके घरों के 'चिराग' बुझ गये न तो उन्हें वापस लाया जा सकता है न ही उनपरिवारों को स्वदेशी उत्पाद पर भरोसा करने का पाठ पढ़ाया जा सकता है।

आज पूरे देश में सरे आम जहरीली सब्जियां,विषाक्त फल, मिलावटी व जहरीले दूध,पनीर घी मक्खन खोया कुट्टू का जहरीला आटा आदि तमाम चीजें बेचीं जा रही हैं। दूध की तो रोज के उत्पादन से कई गुना अधिक की खपत है, सरकार व प्रशासन को भी यह सब पता है परन्तु मिलावट खोर मौत के सौदागर सरे आम ऐसी जहरीली सामग्री बाजार में खपा रहे हैं। तमाम नकली दवाइयां बाजार में बेचीं जा रही हैं। इसी तरह मिलावटी व जहरीली मिठाइयां व बेकरी के सामान बाजार में बेखौफ बिकते हैं। बाजार में इन सब चीजों की खपत का मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। इन मौत के सौदागरों को भली भांति मालूम है कि उनके काले करतूतों का पर्दा फाश होने के बावजूद उनका कुछ भी बिगड़ने वाला नहीं। केवल गुणवत्ता का ही प्रश्न नहीं बल्कि मिठाई वाला यदि आपको एक या दो हजार रुपए किलो मूल्य की मिठाई देता है तो वह गत्ते के डिब्बे को भी उसी रेट में तोल देता है। यानी आपको मंहगी कीमत अदा करने के बावजूद पूरा सामन नहीं मिल पाता। किसी सामग्री पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य को लेकर भी बड़ा गोलमाल देखा जा सकता है। कई बार तो प्रिंटेड रेट से आधे मूल्य पर भी दुकानदार सामन बेच देता है। जबकि आधे मूल्य पर बेचने पर भी दुकानदार मुनाफा कमाता है।

हमारे देश में अभी भी किसी वस्तु के प्रयोग की तिथि समाप्त होने यानी एक्सपायरी डेट निकल जाने के बावजूद सीधे सादे व अनपढ़ लोगों को ऐसा सामान बेच दिया जाता है। कई कम गुणवत्ता वाले सामानों पर किसी ब्रांडेड कम्पनी की मुहर लगा कर बाजार में बेच दिया जाता है। इस तरह की मानसिकता का केवल एक ही कारण है कि इस तरह के व्यापार करने वाला व्यक्ति कम समय में अधिक धन कमाना चाहता है। और अपने इस ' अनैतिक व नापाक मिशन' में वह यह भी भूल जाता है कि ऐसा कर वह आम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है क्योंकि उसे इस बात का पूरा यकीन रहता है कि किन्हीं विशेष परिस्थितियों में उसके पकड़े जाने के बावजूद उसका कुछ बिगड़ने वाला नहीं । लिहाजा देशवासियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने की सलाह देने वालों को चाहिये कि पहले उत्पादन कताओं को यह सख़्त निर्देश व सन्देश दिया जाये कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। मिलावट खोरी,नकली व जहरीले खाद्य पदार्थ बाजार से पूरी तरह गायब हों। देशवासियों को जहरीली सामग्री बेचने वालों को सामूहिक हत्या के अभिप्रायपूर्वक किये गये प्रयास का दोषी मानकर दण्डित किया जाये। भारतीय उत्पाद की कीमतें व नाप तौल ठीक हों। जब तक देशवासियों में स्वदेशी उत्पाद के प्रति पूरा विश्वास पैदा नहीं होता तब तक 'राग स्वदेशी' अलापना इसलिये मुनासिब नहीं क्योंकि इसकी हकीकत कुछ और है जबकि असली फसाना कुछ और।

# देश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधिक मामले, बंगाल सबसे आगे



अशोक भाटिया

पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात हुई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है। शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने हमेशा की तरह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है।बताया जाता है कि ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए।वहां तीनों ने छात्रा को अपनी हवस का शिकार बना डाला। दरिंदगी के बाद उन तीनों ने उसे धमकाया गया कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो अंजाम गंभीर होंगे। आरोपी जाते-जाते यह भी कह गए कि मोबाइल वापस चाहिए तो पैसे देने होंगे। इस वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

हाल ही में जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्याकांड की पहली बरसी पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया था । उन्होंने कहा था कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। श्री मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक्स पर शनिवार को आंकड़ों के साथ एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में राज्य में महिलाओं के खिलाफ 34 हजार 738 अपराध दर्ज हुए, जिससे यह देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। उनके अनुसार, राज्य की अपराध दर 71.8 प्रति एक लाख आबादी है, जो राष्ट्रीय औसत 65.4 से अधिक है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगस्त 2024 तक पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो से जुड़े 48 हजार 600 मामले लंबित हैं, जबकि फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें मौजूद हैं। मालवीय के अनुसार, यह ममता बनर्जी सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। श्री मालवीय ने कहा, "ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल की महिलाएं असुरक्षित, अनसुनी और उपेक्षित हैं। राज्य को केवल जवाब नहीं, जवाबदेही चाहिए। 2026 में उन्हें सत्ता से बाहर करना ही एकमात्र रास्ता है।" उन्होंने कहा कि आरजी कर घटना के एक वर्ष बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

गौरतलब है कि बंगाल एकमात्र ऐसा स्थान है जोकि आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना करने के लिए प्रसिद्ध है। वहां का दुर्गा पूजा विश्व प्रसिद्ध है। ऐसे में वहां से यह खबर आना कि एक महिला चिकित्सक के साथ वीभत्स कार्य हुआ है। यह काफी झकझोर देने वाला है। महिलाएं इस सृष्टि के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके साथ ऐसा जघन्य पाप किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है।

बंगाल में यह पहली घटना नहीं है। कुछ महीनों पहले संदेशखाली की घटना ने भी राज्य के मुख पर कालिख पोता था। फिर सोशल मीडिया पर तमाम वीडियो डाले गए जहां जानवरों से भी ज्यादा बेकार महिलाओं के पीटा जा रहा था। उसके बाद महिला चिकित्सक से हुई यह घटना काफी निंदनीय है। यह देखकर काफी खुशी होती है कि इसके विरोध में महिलाएं सड़कों पर उतर आयीं है। हालांकि यह संघर्ष केवल महिलाओं का ही नहीं है।इसके साथ पुरूषों को भी यह समझने की जरूरत है कि स्त्रियां कोई वस्तु नहीं है। जिनका की वह उपभोग करके के छोड़ दें। उन्हें यह भी समझने की जरूरत है कि यदि रक्तबीज रूपी पिशाच उनके आबरूह को गंदा करने की कोशिश करेगा। तो वही स्त्री चंडिका का रूप धर के उनका संहार करने में सक्षम है। ममता बनर्जी खुद महिला हैं। उनको महिलाओं की वेदना समझना चाहिए। क्योंकि महिला ही यदि महिला के साथ नहीं खड़ा होगी। तो गिद्ध दृष्टि वाले उनको अपने हवस का शिकार करने के लिए तो बैठे ही हैं। इसके वाला छद्म नारीवाद का चोला पहनने वालीं स्त्रियां ही विरोध प्रदर्शन को हवा नहीं देंगी। तो यह दुष्कृत्य ऐसे ही होते रहेंगे।

अगर आप सभ्यता का चोला पहनने हैं। अपने देश में महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय पर नहीं बोलते हैं तो आप भी बराबर के अपराधी हैं। पार्टी ,राजनीति, विचारधारा से ऊपर उठकर मणिपुर, संदेशखाली, हाथरस और ऐसे तमाम कृत्यों की निंदा करें। इसलिए नहीं की वह आपका व्यक्तिगत मामला नहीं है। बल्कि इसलिए की आपके अंदर मानवीय संवेदना जीवित है। आपके घर परिवार में स्त्रियां हैं। जो यह गर्व से कह सकें कि आप उस श्रेणी का हिस्सा नहीं हैं। जोकि महिलाओं को जीव कम पशु ज्यादा समझते हैं।

एनसीआरबी के रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के संदर्भ में 2022 में पश्चिम बंगाल में प्रति एक लाख की दर के हिसाब से अपराध दर 71.8 थी। एनसीआरबी अपराध दर की गणना प्रति एक लाख जनसंख्या के आधार पर दर्ज करता है। यानी पश्चिम बंगाल में प्रति एक लाख महिलाओं ने 71.8 अपराध के मामले दर्ज करवाए। ये आंकड़ा उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से अधिक थी। उत्तर प्रदेश में यह दर 58.6 और बिहार में यह दर 33.5 थी। देखा जाय तो भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर हरियाणा (118) में सबसे ज्यादा है। इसके बाद तेलंगाना (117) और पंजाब (115) का नंबर आता है।दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 144 है जो हरियाणा के आंकड़े से भी अधिक है।एनसीआरबी के वर्ष 2022 के आंकड़ों के मुताबिक नागालैंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर सबसे कम 4.6 है।मणिपुर में यह अपराध दर 15.6 दर्ज की गई और तमिलनाडु में यह दर 24 दर्ज की गई जो भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध की सबसे कम दरों में से हैं।

प्रसिध्द वकील वृंदा ग्रोवर कहती हैं कि भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा शायद सबसे कम रिपोर्ट की जाती है।महिलाओं और ट्रांस समुदाय के अधिकारों का समर्थन करने वाली महिला निधि साउथ एशिया वूमेन्स फाउंडेशन की को-फाउंडर सुनीता धर कहती हैं, "अपराध दर और दर्ज कराए आपराधिक मामले जरूरी नहीं कि सभी हो रहे अपराधों की वास्तविकता बयां करें। सुनीता कहती हैं, इस बात पर गौर करने की जरूरत हैं कि डर के कारण कई राज्यों में अपराधों की रिपोर्टिंग में कमी हो सकती है। वह कहती हैं, अधिक अच्छे समाज और लिंग आधारित हिंसा के प्रति अधिक जागरूकता रखने वाले समाज में यह मामले सामान्य बात है। महिलाएं ऐसी बातें बोलने के लिए सुरक्षित जगह खोजती हैं। भारत में समाज में अपमानित होने के डर से ऐसे अपराधों की रिपोर्ट करना मुश्किल है। सुनीता कहती हैं, "इनमें से कई कारण दिल्ली जैसे शहरों में बड़ी संख्या में रिपोर्टों में योगदान करते हैं, जहां हिंसा से बचे लोगों के लिए अधिक मजबूत समर्थन नेटवर्क और सेवाएं हैं। आधिकारिक आंकड़े अक्सर वास्तविक हालात को नहीं दिखाते हैं, खासकर जब अपराधी परिवार का सदस्य हो,

2022 के एनसीआरबी के आकड़ों के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ अपराध का डेटा देखने पर यह मालूम चलता है कि तमिलनाडु के कोयंबटूर और चेन्नई में आपराधिक दर पश्चिम बंगाल के कोलकाता की आपराधिक दर से कम थी।एनसीआरबी के आकड़े दिखाते हैं कि इस दौरान पश्चिम बंगाल में रेप/गैंग रेप के बाद हत्या के पांच मामले सामने आएं हैं। राज्य में 845 रेप के मामले सामने आएं हैं और 427 दहेज हत्या से जुड़े मामले दर्ज हुए हैं। 35 मामले एसिड अटैक, 6,869 मामले महिलाओं को अगवा करने, 928 मामले दुष्कर्म का प्रयास करने और पॉक्सो एक्ट से संबंधित 2,771 मामले दर्ज किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में यौन उत्पीड़न से बचे हुए लोगों का पक्ष रख चुकी वकील वृंदा ग्रोवर कहती हैं कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा शायद भारत में सबसे कम रिपोर्ट की जाती है।वृंदा ग्रोवर कहती हैं, "चूंकि यौन हिंसा और बलात्कार बेरोकटोक जारी हैं, हम जो देख रहे हैं वह वास्तविक स्थिति का बहुत छोटा सा अंश है। न्याय तक पहुंचने के लिए और महिलाओं को कानून का दरवाजा खटखटाने के लिए उसके पास आत्मविश्वास और ऐसा माहौल होना चाहिए जो उसे शिकायत को आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित करे और सक्षम बनाए। ग्रोवर कहती हैं कि जिस तरह से आपराधिक न्याय प्रणाली बनाई गई है, उससे ये आशंका बनी रहती है कि मदद नहीं मिलेगी, बल्कि उसे फिर से पीड़ित करेगी। उनका कहना है कि उसी महिला की बात पर तभी यकीन किया जाता है कि जिस पर क्रूरता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो।

भारत में दर्ज किए गए कुल 58,24,946 अपराधों में से हत्या के 28,522 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि अगवा किए जाने 1,07,588 मामले दर्ज किए गए हैं।एनसीआरबी की साल 2022 की रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि पूरे भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि बच्चों के खिलाफ 1,62,449 अपराध के मामले दर्ज किए हैं।

पश्चिम बंगाल में यौन उत्पीड़न के 331 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि तमिलनाडु में 243 मामले दर्ज किए गए हैं।पंजाब में यौन उत्पीड़न के 190 मामले, हिमाचल प्रदेश में 151 मामले और हरियाणा में 917 मामले दर्ज किए गए हैं।अपहरण और अगवा किए जाने के मामलों में पश्चिम बंगाल में 2084 मामले दर्ज किए गए हैं। जो राजस्थान (1,753), बिहार (1,370) और हरियाणा (839) में दर्ज मामलों से कहीं अधिक हैं।पूरे भारत में पॉक्सो एक्ट के 63,116 मामले दर्ज किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पॉक्सो एक्ट के 2,771 मामले दर्ज किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में पॉक्सो एक्ट के तहत 7,970 मामले दर्ज किए गए हैं जो पूरे भारत में सबसे अधिक हैं। वहीं गोवा में पॉक्सो एक्ट के तहत कोई भी मामला नहीं दर्ज किया गया है।पूरे देश में दर्ज किए गए 58,24,946 मामलों में 53,90,233 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें से 24,72,039 लोगों को दोषी ठहराया गया है।एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार 151 सांसदों और विधायकों के खिलाफ महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले दर्ज हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है।

पश्चिम बंगाल के 25 मौजूदा विधायक और सासंदों के खिलाफ महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले दर्ज हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश (21) और ओडिशा के (17) सांसदों के खिलाफ महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले दर्ज हैं।एनसीआरबी की साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार 16 सांसद और विधायक ऐसे हैं जिन्होंने आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार के मामलों के बारे में जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 87 में से 45 निर्वाचन क्षेत्रों को रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया था। रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र वो क्षेत्र होते हैं जहां पर तीन से अधिक प्रत्याशियों ने आपराधिक मामलों की घोषणा की हो।पश्चिम बंगाल में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद पूरे देश के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद हड़ताल को आंशिक रूप से समाप्त किया गया। एक सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार से चल रही जांच के संबंध में कोर्ट को अपडेट देने को कहा था। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की कानूनी टीम में 21 वकील थे जबकि केंद्र की ओर से केवल पांच वकील पैरवी कर रहे थे।

# मासिक धर्म अवकाश नीति को पूरे देश में लागू किया जाए



-प्रियंका सौरभ

आज जब महिलाएँ हर क्षेत्र में बराबरी से काम कर रही हैं, तब यह जरूरी है कि नीतियाँ भी उनके अनुभवों और जरूरतों के अनुसार बनें। कर्नाटक सरकार ने मासिक धर्म अवकाश की जो पहल की है, वह न केवल महिला स्वास्थ्य की दृष्टि से ऐतिहासिक है, बल्कि यह सामाजिक सोच में बदलाव का प्रतीक भी है। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है कि सभी सरकारी दफ्तरों, आईटी कंपनियों और फैक्ट्रियों में कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान हर माह एक दिन का सवेतन अवकाश (र्द्ध छींं५ी) मिलेगा। यह कदम उस संवेदनशीलता का परिचायक है जिसकी महिलाओं को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। महिलाएँ समाज और अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। मासिक धर्म उनके शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया है, परंतु सदियों से इसे सामाजिक असहजता और मौन के घेरे में रखा गया। इस अवधि में शारीरिक दर्द, असुविधा और मानसिक थकान का अनुभव आम है, लेकिन कार्यस्थलों पर उनसे सामान्य दिनों जैसी कार्यक्षमता की अपेक्षा की जाती रही है। अब जब सरकारें इस जैविक प्रक्रिया को नीति निर्माण में शामिल कर रही हैं, तो यह समाज के परिपक्व होने की निशानी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि मासिक धर्म के शुरूआती दिनों में विश्राम और मानसिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक होती है। इस अवधि में अत्यधिक काम करने या तनाव लेने से महिलाओं में कई स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए यह नीति सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि महिला स्वास्थ्य के संरक्षण का साधन भी है।

यह नीति नारी-सशक्तिकरण की परिभाषा को और गहराई देती है। सशक्तिकरण का अर्थ केवल अधिकारों की बात करना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुरूप सम्मान देना है। जब राज्य स्वयं यह स्वीकार करता है कि महिला शरीर की आवश्यकताएँ विशेष हैं, तो यह समानता की दिशा में उठाया गया वास्तविक कदम है। कर्नाटक का यह निर्णय समाज में एक बड़ा संदेश देता है – कि महिलाओं की जैविक प्रक्रिया को अब छिपाने या शर्म की दृष्टि से देखने की बजाय सामान्य जीवन का हिस्सा समझा जाना चाहिए। यह नीति मासिक धर्म के विषय को सार्वजनिक विमर्श में लाकर इसे सामान्य और सम्मानजनक बनाती है।

इस निर्णय से यह उम्मीद भी बढ़ी है कि अन्य राज्य सरकारें और निजी कंपनियाँ भी इस दिशा में कदम उठाएँगी। कुछ वर्ष पहले केरल और ओडिशा जैसे राज्यों में इस विषय पर चर्चा तो हुई, पर नीति नहीं बनी। अब कर्नाटक ने जो उदाहरण पेश किया है, वह अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बनेगा। वास्तव में, यह समय की माँग है कि भारत सरकार भी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी नीति बनाए, जिससे हर क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं – सरकारी कर्मचारी, शिक्षिका, नर्स, बैंक अधिकारी, फैक्ट्री वर्कर या निजी क्षेत्र की कर्मचारी – सभी को समान रूप से यह अधिकार प्राप्त हो।

यह नीति केवल छुट्टी देने का मामला नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा प्रश्न है। इससे वे बिना अपराधबोध या झिझक के अपने शरीर की जरूरतों को प्राथमिकता दे सकेंगी। कुछ आलोचक इस नीति को अतिरिक्त विशेषाधिकार बताकर इसे कमजोर करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि समानता का अर्थ एक जैसी परिस्थितियाँ नहीं बल्कि न्यायपूर्ण व्यवहार है। पुरुषों को मासिक धर्म की शारीरिक पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती, इसलिए महिलाओं को इस समय विश्राम का अधिकार देना किसी प्रकार का पक्षपात नहीं बल्कि संवेदनशील न्याय है। भारत में महिला जनसंख्या लगभग आधी है। यदि यह नीति पूरे देश में लागू की जाती है, तो न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरेगा बल्कि कार्यस्थलों की उत्पादकता, वातावरण और लैंगिक समानता भी मजबूत होगी। यह भी आवश्यक है कि कार्यस्थलों पर इस नीति के अनुपालन के साथ-साथ संवेदनशील माहौल बनाया जाए ताकि महिलाएँ इस अवकाश का उपयोग बिना झिझक कर सकें। यह शिक्षा, कॉरपोरेट जगत और मीडिया सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि मासिक धर्म के विषय को अब सामान्य संवाद का हिस्सा बनाया जाए। कर्नाटक की यह पहल दशार्ती है कि सरकारें जब संवेदनशील दृष्टि से सोचती हैं, तो नीतियाँ सिर्फ प्रशासनिक दस्तावेज नहीं रहतीं – वे समाज के चरित्र को बदलने का माध्यम बन जाती हैं। इसलिए अब आवश्यकता है कि भारत के सभी राज्यों और केंद्र सरकार को इस नीति को अपनाकर पूरे देश में लागू करना चाहिए। इससे भारत दुनिया के उन देशों की श्रेणी में शामिल होगा, जिन्होंने महिलाओं के प्रति वास्तविक समानता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह नीति भारत को केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी आगे ले जाएगी। यही वह सोच है जो एक संवेदनशील, समानतापूर्ण और आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा दिखाती है। कर्नाटक ने रास्ता दिखा दिया है – अब बारी पूरे भारत की है। कर्नाटक की मासिक धर्म अवकाश नीति न केवल एक प्रशासनिक सुधार है, बल्कि यह भारतीय समाज के विचार और संवेदनशीलता में गहरे बदलाव का प्रतीक है। यह कदम बताता है कि जब सरकारें नीतियाँ बनाते समय महिलाओं के अनुभवों, स्वास्थ्य और गरिमा को प्राथमिकता देती हैं, तो समाज अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनता है। यह नीति महिलाओं को अपने शरीर के प्रति अपराधबोध से मुक्त कर आत्म-सम्मान की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देती है। आज आवश्यकता है कि इस पहल को केवल कर्नाटक तक सीमित न रखा जाए। भारत के हर राज्य और केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर, सभी कार्यरत महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने चाहिए। इससे कार्यस्थलों पर समानता, स्वास्थ्य और उत्पादकता तीनों का संतुलन स्थापित होगा। महिला सशक्तिकरण की असली कसौटी वही है, जहाँ नीतियाँ संवेदना के साथ न्याय भी करें। कर्नाटक का यह कदम उसी दिशा में एक सुनहरी शुरूआत है। यदि यह नीति पूरे भारत में लागू होती है, तो यह न केवल महिलाओं के लिए राहत का प्रतीक होगी, बल्कि एक संवेदनशील, आधुनिक और सम्मानजनक भारत की नींव भी रखेगी।

**कर्नाटक सरकार द्वारा मासिक धर्म अवकाश नीति लागू करना एक सराहनीय और संवेदनशील पहल है। यह निर्णय महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और कार्यस्थल की समानता को नई दिशा देता है। मासिक धर्म के दौरान एक दिन का सवेतन अवकाश उन्हें शारीरिक राहत के साथ आत्मसम्मान की अनुभूति भी कराता है। अब आवश्यकता है कि यह नीति केवल कर्नाटक तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे भारत में लागू की जाए ताकि हर कार्यरत महिला को समान अधिकार और सम्मान मिल सके। यह कदम महिला सशक्तिकरण और मानवीय संवेदनशीलता का सशक्त प्रतीक है।**

# देश-दुनिया की निगाहें माइनिंग सेक्टर तो एग्रेसिव मोड पर राजस्थान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका चाहे यूक्रेन पर दबाव बना रहा हो या कनाड़ा को राज्य के रुप में घोषित कर अमेरिका में मिलाने की छटपटाहट हो या अन्य देशों की और भ्रकुटी तानने या मेल मिलाप के प्रयास हो सब कुछ इस खनिज संपदा को लेकर ही है। आज चाइना की मोनोपोली देखने को मिल रही है उसका बड़ा कारण भी उसके पास रेयर अर्थ एलिमेंट सहित आज के बदलते युग की मांग को पूरी करने वाली पुरासंपदा के अथाह भण्डार के कारण ही है। ऐसे में वैसे तो दुनिया के देश खनि संपदा को लेकर गंभीर है वहीं हमारे देश में भी केन्द्र और राज्य सरकारें खनिज खोज, खनन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कमर कस ली है। ऐसे में राजस्थान सरकार भी माइनिंग सेक्टर प्रोएक्टिव भूमिका निभाते हुए आगे आया है। वर्तमान सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को खनन क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान की सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयासों के तहत प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलूओं के योजनावद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मोनेटरिंग, एक्सप्लोरेशन, राजस्व, निवेश एवं रोजगार बढ़ोतरी, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विभाग द्वारा उच्चस्तरीय परियोजना मोनेटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। माना जा रहा है कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें जल्दी परिचालन आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढेंगे। वैसे भी आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रप्रति ट्रॅप की छटपटाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है। चीन के वर्चस्व का बड़ा कारण उसका आरईई सहित खनिज संपदा पर एकाधिकार ही है और आज चीन के इस वर्चस्व को कम करने में ही जुटे हुए हैं। खैर यह विषयांतर होगा पर एक बात साफ है कि माइनिंग सेक्टर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तेजी से काम होने लगा है और राजथान ऑक्शन सहित रेवेन्यू अर्जन विकास दर आदि में अव्वल हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में विपुल संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को देश में अग्रणी राज्य बनाने पर जोर देते रहे हैं। नई खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, रिप्स में सहायता प्रावधान, एमनेस्टी योजना सहित प्रक्रिया के सरलीकरण और खनन क्षेत्र विकास के महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिन्हित किया गया है।

प्रमुख सचिव माइन्स टी रविकान्त का मानना है कि सभी क्षेत्रों में समन्वित व तेजी से विकास के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए पीएमयू का गठन किया गया है जिससे योजनावद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ा जा सके। एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, शीध्र परिचालन, रिसर्च एवं डव्लपमेंट, जीरो लॉस माइनिंग, इकोटूरिज्म की संभावनाओं, पेपरलेस सहित विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया है। विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी। यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है। डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मोनेटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए डीएमएफटी फण्ड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मोनेटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा गया है। राज्य सरकार का सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर रहने के साथ ही बदलते परिवेश में यह आवश्यक भी हो गया है। सस्टेनेबल माइनिंग और ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर दल द्वारा स्टार रेंटिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं व क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिनिंग व उपयोग, श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोड़ने और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रिओरियेंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश दुनिया में तकनीक में आ रही बदलाव से रुबरु कराने सहित इस तरह के कार्यों के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार ने पीएमयू गठित कर जिम्मेदारी तय करने के साथ ही सरकार की ईच्छा शक्ति स्पष्ट कर दी है। अब पीएमयू टीम को जी जान से जुटते हुए माइनिंग के सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए जुट जाना होगा। माइनिंग सेक्टर आज देश दुनिया में महत्वपूर्ण सेक्टर हो गया है। ऐसे में राजस्थान सरकार द्वारा प्रोएक्टिव रोल अपनाने की पहल निश्चित रुप से समय की मांग के अनुकूल है। केन्द्र सरकार भी गंभीर है और क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी का काम तो केन्द्र सरकार ने अपने हाथों में ले लिया है। इसी तरह से केन्द्र सरकार ने मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही प्रोत्साहन के रुप में परफोरमेंस के आधार पर खानों की रेटिंग कर पुरस्कृत करने की पहल की है जिससे स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को माहौल बना है। राजस्थान सरकार ने भी रेटिंग सिस्टम अरंभ करने की पहल की है।

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

## जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मनपा स्कूल में लगायी गयी पानी शुद्धिकरण मशीन से विद्यार्थियों में खुशी



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये सदैव अग्र भूमिका निभाने वाली संस्था जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मनपा स्कूल नंबर 28 कोंबडपाडा में विद्यार्थियों को पीने के पानी को शुद्धिकरण के लिए आरओ मशीन लगाई गयी । बतादें कि जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी मंगेश यादव और विनोद येनागंदला के माध्यम से एस आर ग्रुप आफ कंपनीज के चेयरमैन रमाकांत पांडा द्वारा पूर्व नगरसेवक एडवोकेट हर्षल पाटिल के प्रयत्न से भिवंडी मनपा स्कूल नंबर २८ कोंबडपाड़ा में पानी शुद्धिकरण संयंत्र और पानी ठंडा करने की मशीन देकर उसका उत्घाटन किया गया । इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में शिवम झा, कृष्णा गाजेंगी, राजू गाजेंगी, भावेश पाटिल के साथ ट्रस्ट के सदस्य मनीष यादव, समीर शैख, सुभाष पासवान, मुकेश चौबे, अजय यादव, मुकेश झा, मंजुलता दुबे, पूनम कनोजिया उपस्थित आदि लोग उपस्थित थे ।

## आदिवासी पारधी समाज के युवकों के लिए कौशल्य प्रशिक्षण का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई और नवीं मुंबई में बसे हुए आदिवासी और पारधी समाज के युवकों के सर्वांगीण विकास के लिए नवी मुंबई के घनशोली और मानखुर्द में कौशल्य प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदिवासी महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष अप्पासाहेब सालुंखे ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। कौशल्य प्रशिक्षण के इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई और नवीं मुंबई के आदिवासी पारधी महासंघ के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## कैंसर पीड़ितों को अन्नदान कराया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** परेल के टाटा अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए देशभर से आए मरीजों और गरीब को रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्याध्यक्ष और मुंबई बैंक के उपाध्यक्ष सिद्धार्थदादा टी. कांबले के जन्मदिन के अवसर पर राकांपा चांदीवली विधानसभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह की ओर से मुफ्त में अन्नदान कराया गया। अन्नदान का कार्यक्रम टाटा अस्पताल के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर चार सौ से अधिक कैंसर मरीजों ने अन्नदान का लाभ उठाया। कैंसर पीड़ितों के लिए आयोजित किए गए इस अन्नदान कार्यक्रम में राकांपा चांदीवली विधानसभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। इस अवसर पर प्रशांत बारामती, फरीद सिद्दीकी, सचिन वाकोड़े, संतोष गवली और अशोक तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## करवा चौथ का चांद दिखते ही गूंजे मंगल गीत, अर्घ्य देकर सुहागिनों ने मांगी पति के लंबी उम्र का आशीर्वाद



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शनिवार की रात जैसे ही आकाश में करवा चौथ का चांद नजर आया, सुहागिन महिलाओं के चेहरे खिल उठे। निर्जला उपवास रखकर पूरे दिन पति की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करने वाली महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर अपना व्रत पूर्ण किया।

करवा चौथ का यह पावन पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं सुबह से बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास रखती हैं और शाम को सोलह श्रृंगार कर करवे और चंद्रमा की पूजा करती हैं। इस वर्ष का करवा चौथ और भी खास रहा, क्योंकि इस दिन सिद्धि योग और शिववास योग का दुर्लभ संयोग बना, जिसे व्रत के फल को कई गुना अधिक प्रभावशाली माना गया। पालघर के रुपरजत पार्क परिसर में सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ व्रत कथा, पूजा और आरती का आयोजन किया। पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने मंगल गीतों के बीच पूजन संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं और पति की लंबी उम्र की मंगलकामना की।चांद के दर्शन के साथ ही वातावरण भक्तिमय हो उठा और सुहागिनों ने चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित कर अपने व्रत का समापन किया। करवा चौथ का यह पर्व नारी की श्रद्धा, प्रेम और समर्पण का प्रतीक बनकर एक बार फिर भावनाओं से ओतप्रोत दिखाई दिया।

# प्रजापति समाज विकास मंडल की बैठक संपन्न, 21 वां वार्षिक सम्मेलन 11 जनवरी को



**नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)।** रविवार 12अक्टूबर पनवेल, प्रजापति समाज विकास मंडल रजि. राष्ट्रीय सामाजिक संस्था एनजीओ की कार्यकारिणी की बैठक पनवेल में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रताप प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा किया। साथ ही साथ एक राय से निर्णय लिया कि संस्था का 21वां वार्षिक सम्मेलन, रविवार 11 जनवरी 2026 को आंध्र कला समिति हाल, सेक्टर- 2 , नवीन पनवेल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें अग्र लिखित विषयों पर ध्यान रखते हुए सम्मेलन किया जाएगा। वर-वधु परिचय-प्रजापति समाज के विवाह योग्य युवकों -युवतियों के लिए। प्रजापति व्यापारिक/ व्यवसायिक मिलन -समाज के व्यवसायियों के लिए व्यवसाय / रोजगार सृजन आदि के बारे में विशेष रूप से चर्चा एवं एक दूसरे का परिचय। महिला आत्मनिर्भर, महिला सशक्तिकरण के बारे में जागृत करना। प्रोत्साहन व्याख्यान- शैक्षणिक प्रगति, आर्थिक उन्नति, सामाजिक चेतन एवं राजनीतिक भागीदारी आदि विषयों पर विशेष रूप से चर्चा। प्रजापति समाज रत्न एवं प्रजापति गौरव सम्मान 2025 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले समाज के विशिष्ट महानुभावों को दिया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समाज के मेधावी प्रतिभावान छात्रों के लिए. भावी भविष्य के लिए करियर मार्गदर्शन। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज के कलाकारों एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम।

बैठक में संस्था के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव गजेंद्र प्रजापति, राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश प्रजापति, महाराष्ट्र प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विशाल प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, महेश प्रजापति, संजय कुंभार, सियाराम प्रजापति, मोहित प्रजापति, इंद्र कुमार प्रजापति, रोहित प्रजापति, आकाश प्रजापति, संजय प्रजापति,गोवर्धन प्रजापति आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## कांदिवली के रक्तदान शिविर में पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने की शिरकत



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सौराथ वामा वृन्द के तत्वावधान में प्रीति वासा तथा उनकी उत्साही टीम द्वारा विशाल पैमाने पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कांदिवली में महावीर नगर स्थित पावन धाम परिसर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी उपस्थित हुए और आयोजकों तथा रक्तदान करने वाले सभी नागरिकों का हौंसला बढ़ाया। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने इस अवसर पर रक्तदान करनेवाले सभी नागरिकों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर रक्तदान करते रहने की अपील भी की ताकि जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सके।

## रविंद्र चव्हाण के हाथों डोंबिवली में भजन भवन का लोकार्पण



**डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली पश्चिम के गणेशनगर घाट परिसर में डोंबिवलीकर भजन भवन का निर्माण किया गया, जिसका लोकार्पण भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक रविंद्र चव्हाण के हाथों संपन्न हुआ। यह भजन भवन आमदार विकास निधि के माध्यम से डोंबिवलीकर भजन हितवर्धक सेवा संस्था द्वारा तैयार किया गया है। उद्घाटन अवसर पर रविंद्र चव्हाण ने डोंबिवलीकर नागरिकों से संवाद साधा और स्थानीय युवा गायक राजयोग धुरी का सत्कार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाटील, लोकरे बुवा, शहाबाजकर बुवा, प्रमोद धुरी बुवा, मुणगेकर बुवा, चिले बुवा, भाई राणे बुवा, सतीश राणे बुवा, भाजपा के माजी जिलाध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शशिकांत कांबळे, माजी नगरसेवक राहुल दामले समेत बड़ी संख्या में भाजप पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

# धर्मनगरी आजाद नगर में भव्य सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन एवं महाभंडारा आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के प्रांगण में शनिवार 11 अक्टूबर 2025 की शाम भक्तिमय माहौल में सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर श्रीराम भक्त हनुमान की आराधना में लीन रहे। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद रूपी भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन शिवतेज मित्र मंडल, शिव मंदिर व शीतला माता मंदिर तथा केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष तुलसी राम केवट के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम चरित मानस के सुंदरकांड पाठ से हुआ, जिसके बाद देर शाम तक भजन-कीर्तन का आयोजन चला। गायक मंडलियों ने अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा मंदिर परिसर ह्लजय श्रीरामह्व और ह्लहनुमान जी महाराज की जयह्व के जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकताओं व श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। जिसमें केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसी राम केवट, राजीव रंजन सिंह, सुनील लांडे, संजय मास्टर, सुमित ठाकुर, सर्वेश सिंह, धर्मेंद्र शाह, शिवाजी कदम, आनंद परडवाल, बाबू सिंह, राम सिंह, कुंदन ओझा, राजीव यादव, राजू पाठक, सोनू जहांगीर, राजू सिंह, अर्जुन नीलगम, शंकर सैनी, केशव यादव, मूरत सिंह, राजेश बिंद, शिवलाल गुप्ता, हरिराम विश्वकर्मा, विनय पांडेय, हरिकिशोर भगत, पप्पू सिंह, राकेश राय, राय मास्टर, आर.के. सिंह, दूधनाथ शाह, संजय बावरे, जे.पी. चौहान, संतोष साहनी, संजय बारी, मनोज शर्मा, नीरज जायसवाल, गणेश सिंह चौहान तथा भगत सिंह के नाम प्रमुख हैं। समापन पर तुलसी राम केवट ने सभी भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और भक्ति भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ, प्रभु श्रीराम, माता सीता, शीतला माता व हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर अपने परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## श्री रामलीला उत्सव समिति की ओर से सभी सहयोगियों के प्रति आभार

**आदेश मिश्र**



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्री रामलीला उत्सव समिति,पार्क साईट विक्रोली द्वारा आयोजित वर्ष 2025 का भव्य रामलीला महोत्सव सफलता पूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में रविवार को समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल के संयोजन में सागर पार्क, अमृतनगर, घाटकोपर (पश्चिम) में एक आभार बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति की ओर से समस्त दानदाताओं, भक्तजन एवं सहयोगी जनता जनार्दन सहित समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में आगामी वर्षों में भी इसी उत्साह और एकजुटता के साथ रामलीला महोत्सव को और भव्य रूप देने का संकल्प लिया। और सभी लोगों को समिति द्वारा प्रकाशित संकल्प पत्रिका वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ पांडेय, रामबिलास पाठक, दलजीत पांडेय, विमलेश मिश्रा, आदेश मिश्र, भोलानाथ मिश्रा,रत्नेश शुक्ल, बृजेश शुक्ला, अरविंद सी शुक्ल, अरविंद के शुक्ल, दिनेश सिंह, प्रदीप मिश्रा, प्रमुख राहुल शुक्ल, राजन सिंह, राजेश सिंह,पंकज सिंह ,संदीप दुबे, नीरज शुक्ला, रामतीरथ शर्मा, रमापति यादव, अवधेश तिवारी, अशोक गुप्ता, अनिलेश मिश्रा, किशन शर्मा, विपिन सिंह, सद्भावना यादव, प्रेम तिवारी सहित कई अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल एवं आदेश मिश्र ने संयुक्त रूप से कहा जैसे इस वर्ष आप सभी रामभक्तों ने निष्ठा, सहयोग और आशीर्वाद दिया, उसी प्रकार आगे भी साथ बनाए रखें। श्रीराम की कृपा से यह परंपरा वर्ष-दर-वर्ष और अधिक भव्य रूप में आगे बढ़े, यही हमारी कामना है।



**पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक मानी जाने वाली कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ियों को पालघर जिले के बोईसर तारापुर एमआईडीसी क्षेत्र के सालवड ग्राम पंचायत अंतर्गत शिवाजी नगर स्थित श्री साईराज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड द्वारा सम्मानित किया गया। इसी सम्मान कार्यक्रम के तहत श्री साईराज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के संचालक गिरजेश राजकिशोर सिंह ने कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ियों में राकेश पाण्डेय, जोशी जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छायांकन : उत्तरशक्ति**

## सनातन सामाजिक संस्था द्वारा मुफ्त नेत्र जांच व मुफ्त चश्मा वितरण एवं मुफ्त मोतियाबिंद आपरेशन शिविर संपन्न

**आचार्य सूरजपाल यादव**



**डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबीवली के दाचडी गाँव स्थित यादव नगर तुकाराम चौक स्थित सनातन सामाजिक संस्था द्वारा मुफ्त नेत्र जांच व मुफ्त चश्मा वितरण व मुफ्त मोतियाबिंद शल्यक्रिया शिविर संपन्न किया गया । बतादें कि नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सनातन सामाजिक संस्था व अष्टधातु शिवमंदिर, ॐ शिवशंभू कावडिया, मां शारदा मित्र मंडल, श्रीराम जलयात्रा, साहू तेली समाज वेल्फेयर सेवा संस्था, श्रमिक सहायता समिति, शिव मित्र मंडल,ॐ साई मित्र मंडल, जय माता दी ग्रुप आदि के संयुक्त तत्वावधान में भक्ति वेदांत हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर मीरा रोड के कुशल नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया जिसमें 204 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया वहीं 19 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया जिनका आपरेशन भक्ति वेदांत नेत्र हास्पिटल में मुफ्त किया जायेगा । कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय नगरसेवक जलंधर पाटिल के हाथों किया गया । मुख्य अतिथियों में रमाकांत पाटिल , संस्कार सामाजिक संस्था के अध्यक्ष चौधरी गयाप्रसाद यादव , समाजसेवी शिवसागर यादव , सभाजीत यदुवंशी , आचार्य सूरजपाल यादव , लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र (केशव) यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सनातन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सुभाषचंद्र यादव , महासचिव भरत यादव , कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार यादव , कार्याध्यक्ष जय सरोज यादव , सहकोषाध्क्ष चन्द्रजीत यादव , उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता , मुकेश यादव , मुकेश चौरसिया , विवेक यादव , सचिव राम आसरे यादव , राजू यादव , शैलेष यादव , शिक्षासमिति अध्यक्ष सभाजीत यादव , संगठन समिति अध्यक्ष रमेशचंद्र यादव , संगठन समिति उपाध्यक्ष जामवंत यादव , विद्यासागर चौधरी,

रतीलाल गुप्ता,अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, नीरज गुप्ता, पितेश गुप्ता, राम नवल जायसवाल, नागेंद्र चौधरी, गिरजा जायसवाल, श्याम सुंदर विश्वकर्मा सुभाष गुप्ता सरवन गुप्ता नारायण राजभर त्रिलोकी जायसवाल दिनेश गुप्ता मनोज गुप्ता विजय सिंह शिवमंगल सिंह लालजी गुप्ता आशीष गुप्ता सुरेश गुप्ता सत्य प्रकाश जायसवाल आदि टीम के सदस्यों का विशेष योगदान रहा है ।

## सम्मान समारोह आयोजित कर बोईसर थानाध्यक्ष शिरीष पवार को दी गई भावपूर्ण विदाई




**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** बोईसर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) के स्थानांतरण उपरांत शनिवार, 11 अक्टूबर की शाम थाना परिसर स्थित सभागार में एक शिष्टाचार एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लब्धप्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक, औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि, सामाजिक संस्था प्रमुख, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, समाजसेवी, शांति समिति, मोहल्ला समिति तथा मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बताया गया कि थानाध्यक्ष शिरीष पवार का स्थानांतरण जिला मुख्यालय की जिला विशेष शाखा में किया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील जाधव ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने पवार के लगभग दो वर्षों के कार्यकाल को याद करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, अनुशासनप्रियता और जनसंपर्क कौशल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि पवार ने बोईसर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र व स्थानीय नागरिकों के बीच विश्वास का सेतु बनाया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पवार भावुक होते हुए बोले कि बोईसर में उनका अनुभव अविस्मरणीय रहा और पुलिस व नागरिकों के सहयोग से ही हर चुनौती का समाधान संभव हुआ। कार्यक्रम का सूत्र संचालन आदर्श शिक्षक प्रो. संजय घरत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन एपीआई सतीश अश्वर ने व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित सभी ने पवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल करियर की कामना की।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# बक्सा पुलिस ने चोरी की योजना बनाने वाले दो आरोपी को कार सहित किया गिरफ्तार



बक्सा, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आतीश कुमार सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर, परमानन्द कुशवाहा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्म सिंह के निर्देशन में उ.नि. राकेश कुमार राय द्वारा दो नफर आरोपीगण जो एक कार लेकर चोरी के इरादे से कार में गलत नम्पर प्लेट लगा कर निकले थे जिन्हे मुखबिर खास की सूचना पर धनियामऊ मोड से आज दिनांक 12.10.2025 को समय 11.40 बजे गिरफ्तार कर गलत नम्बर प्लेट वाली कार को कब्जा पुलिस मे ले लिया गया तथा फर्द के आधार पर मु.अ.सं. 399/2025 धारा 319(2), 313 बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगण को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम पता, कमलेश यादव पुत्र सूर्यनाथ यादव नि. दुगौलीकला थाना बदलापुर, जौनपुर उम्र करीब 40 वर्ष ,नितेश चौबे पुत्र मंगला चौबे नि. ग्राम बेदौली थाना बदलापुर, जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष अपराधिक इतिहास, .मु.अ.सं. 399/2025 धारा 319(2),313 बीएनएस थाना बक्सा, जौनपुर (दोनो के विरूद्ध) मु.अ.सं. 45/2019 धारा 135 विद्युत अधिनियम थाना बदलापुर, जौनपुर (कमलेश के विरूद्ध) मु.अ.सं. 43/2025 धारा 352,406,504,506 भा.द.वि. थाना बदलापुर, जौनपुर (कमलेश के विरूद्ध) बरामदगी- आरोपीगण के कब्जे से 01 कार जिसमे गलत नम्बरप्लेट लगाया था बरामद हुयी है।

# जौनपुर में 34 केंद्रों पर हुई पीसीएस प्री परीक्षा

## जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 की परीक्षा जनपद में सकुशल संपन्न हुई। जनपद में यह परीक्षा 34 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय, मोहम्मद हसन कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के द्वारा जिलाधिकारी ने द्वारा परीक्षा केंद्रों में बनाए गए सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि आयोग के निदेर्शानुसार परीक्षा को सकुशल संपादित कराए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा सुचारू ढंग से कराने में आयोग के निदेर्शानुसार दायित्व का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें।



प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:30 तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गौराबादशाहपुर में आरएसएस ने किया पथ संचलन

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर जौनपुर के धमार्पुर खंड के अंतर्गत बंजारेपुर न्याय पंचायत द्वारा विजयादशमी उत्सव के पश्चात पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय से जयघोष के साथ निकलकर कुकुहां मोड़ से वापस सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्ण हुआ। विजयादशमी उत्सव को संबोधित करते हुए जौनपुर जिले के सह जिला कार्यवाह सतीश चंद्र जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में शताब्दी वर्ष मना रहा है। उसी क्रम में बंजारेपुर न्याय पंचायत में विजयादशमी उत्सव मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हिंदू समाज को सशक्त एवं समृद्ध शाली बनाने के लिए की गई। संघ के संस्थापक पूज्यनीय डॉक्टर केशव राव ने भारत को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन सन 1925 में की। कार्यक्रम के अध्यक्ष धमार्पुर खंड के खंड संघचालक कमलेश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने कार्यकताओं के द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना कार्य विस्तार किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जौनपुर विभाग के ग्राम विकास संयोजक रामप्यारे यादव, धमार्पुर खंड के पालक एवं जिला व्यवस्था प्रमुख अश्विनी, सभापति, इंद्रासन, खंड कार्यवाह धीरज, राकेश, संतोष मौर्य, विमल, निखिल सेठ, अजीत सोनकर, धीरज मिश्रा, कन्हैया सेठ, धीरज साहू, शीशवंश सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह सहित आदि उपस्थित रहे। पथ संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



# जौनपुर के राजबहादुर पहलवान ने आजमगढ़ के अजय को दिखाया आसमान

खुटहन,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मेंढ़ा गांव में शनिवार को आयोजित अन्तर जनपदीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में धमार्पुर जौनपुर के राजबहादुर पहलवान ने आजमगढ़ जिले के अजय पहलवान को चित कर आसमान दिखाया। कुश्ती प्रारंभ से पूर्व ग्राम प्रधान भगवान प्रसाद यादव ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से आये 42 पहलवानों ने दम खम दिखाया। जिसमें सबसे रोमांचक मुकाबला राज बहादुर और अजय के बीच रहा । दंगल में प्रेमचंद ने राज गौतम को, बिवाल पहलवान ने छोटू पहलवान को, राजबहादुर ने हरिओम पहलवान को, प्रेमचंद ने सुजीत पहलवान को,काजू केराकत ने गोलू को, सचिन ने पंकज को, अंगद ने लंबी को, लालू यादव ने अश्विनी यादव को, सचिन ने पंकज को, विशाल ने आदर्श को, गोलू ने सचिन को तारे दिखाया।विजयी पहलवानों को दर्शकों के अलावा कमेटी की तरफ से नकद पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक रामजी पाठक ने किया।इस अवसर पर पूर्व प्रधान राकेश तिवारी, अरुण कुमार जायसवाल, समर जीत तिवारी, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, मोती सेठ, राधे सिंह, दिब्य प्रकाश सिंह, सत्यदेव सिंह, अखिलेश चतुर्वेदी, ओम मिश्रा, अशोक सिंह, जय शंकर तिवारी, रामसहाय तिवारी आदि रहे।



# युवक पर अज्ञात बदमाशों ने चलती बाइक पर हाकी से किया प्रहार, सड़क पर गिरने से घायल

## तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत कोतवाली अंतर्गत मुरारा गांव निवासी बृजेश सरोज 26 गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के असवरा गांव में अपना क्लिनिक चलाते है। बीते आठ अक्टूबर को घर बाइक से घर वापस आते रहे थे तभी गौरा थाना क्षेत्र के बकथरी गांव के पास दो बाइक पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने चलती बाइक पर ही किसी हॉकी से मार दिए। बाइक से गिरने के बाद मारपीट कर फरार हो गए। सिर में चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद 10 अक्टूबर को थाने पर तहरीर दिया। जिसमें पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गईं।

# देवा के मेले में जायरीनों का जनसैलाब

## हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर उमड़ी आस्था, संस्कृति और भाईचारे की मिसाल

**वसीम अहमद खान**

सुईथाकालां, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की पावन धरती देवा शरीफ इन दिनों आस्था और श्रद्धा से सराबोर है। वार्षिक देवा मेला शुरू होते ही देश-विदेश से आए जायरीनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। पूरा क्षेत्र 'वारिस पाक जिंदाबाद' के नारों से गूंज रहा है। श्रद्धालु दरगाह शरीफ पहुँचकर चादर चढ़ा रहे हैं, मन्नतें मांग रहे हैं और दुआएँ कर रहे हैं।

**8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चल रहा मेला:** देवा मेला इस वर्ष 8 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ग और धर्म के लोग यहाँ आकर सूफी परंपरा, प्रेम और भाईचारे का संदेश ग्रहण कर रहे हैं। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने अपने जीवन में कहा था– 'इंसान को इंसान से मोहब्बत होनी चाहिए, यही असली इबादत है।'

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां:** मेले के दौरान आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा, कवि सम्मेलन, संगीत संध्या, मानस पाठ और सीरतुन-नबी जैसी प्रस्तुतियाँ धार्मिक सौहार्द और एकता का संदेश दे रही हैं। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने रंगारंग नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया।

**खेल और मनोरंजन बने आकर्षण का केंद्र:** खेल प्रेमियों के लिए हॉकी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई हैं। मनोरंजन के शौकीनों के लिए झूले, मौत का कुआँ, सर्कस, जादू के शो, घोड़ा और ऊँट दौड़, पतंगबाजी तथा राइफल शूटिंग जैसे आयोजन दर्शकों को खूब लुभा रहे हैं। हस्तशिल्प, खिलौने, स्थानीय व्यंजन और पशु मेला भी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं।

**सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम:** श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए फायर स्टेशन, सिविल डिफेंस कर्मी और पी.ए.सी. की टीमें लगातार मुस्तैद हैं। प्रशासन ने यातायात, बिजली और सफाई की भी विशेष व्यवस्था की है ताकि कोई असुविधा न हो। देवा दरगाह बाराबंकी मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है, जहाँ बस, टेंपो और ऑटो की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**देवा शरीफ का संदेशझ मोहब्बत ही इबादत है:** देवा की यह पावन धरती आज भी प्रेम, शांति और एकता का संदेश देती है। यहाँ हर आने वाला श्रद्धालु यही भावना लेकर लौटता है– 'मोहब्बत ही सच्ची इबादत है, और इंसानियत सबसे बड़ा धर्म।'







# खेतासराय मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम ने मनचले को शांति भंग में किया गिरफ्तार



खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डा0 कौस्तुभ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर आयुष श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के निकट पर्यवेक्षण मे थाना खेतासराय मिशन शक्ति एन्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.10.25 को ग्राम अब्बोपुर से अंकित कुमार पुत्र रामस्वारथ उम्र -19 वर्ष निवासी अब्बोपुर थाना खेतासराय जिला जौनपुर एक मंचला को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय चालान किया गया।

# मीरगंज पुलिस ने षडयंत्र कर गोली मारने के मामले में 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आतिश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर, प्रतिमा वर्मा महोदया के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद कुमार अंचल मय पुलिस टीम के द्वारा दिनांक-11.10.2025 को थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-133/25 धारा -115(2)/352/351(2)/109/61(2) बीएनएस में नामजद आरोपीगण आकाश चौहान पुत्र राजेन्द्र चौहान, सुजीत चौहान पुत्र नायब लाल चौहान ,रामउजागीर चौहान पुत्र स्व0 दशमत निवासीगण मोलनापुर थाना मीरगंज जौनपुर को समय 19.50 बजे गिरफ्तार किया गया पकड़े गये अभि0 के बयानो के आधार पर धारा 249/ 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगण 4. ज्ञान सिंह, सूर्यप्रताप सिंह पुत्रगण सितलाबक्श सिंह निवासी ग्राम वीरकाजी थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज, सचेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम वीरकाजी थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर गिरफ्तार शुदा आरोपीगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।



# जौनपुर में पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने कन्या पूजन के बाद दिया विशेष उपहार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के तरफ से नवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन और हवन करवा गया ये कार्यक्रम शीतला माता मंदिर के प्रांगण में करवावया गया वहा उपस्थित ट्रस्ट के मुखिया विद्याधर त्रिपाठी और उनकी पत्नी मनोज कुमार त्रिपाठी उपस्थित थी कार्यक्रम में अधिवक्ता अनुश्रुति त्रिपाठी, डॉ. कृतिका त्रिपाठी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, कमलू पंडित, प्रज्ञा शुक्ला, अमित शुक्ला,अयाज पांडे, श्वेता पांडे, कल्याणी पांडे, आदर्श त्रिपाठी, कीर्ति त्रिपाठी, सरोज दुबे, नूतन उपाध्याय, उग्रसेन दुबे और प्रियातोष दुबे का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम बहुत ही भव्य था और बड़ी ही श्रद्धा सुमन के साथ पूर्ण किया गया था।

# बिजली विभाग की टीम पर हमले का एक आरोपित गिरफ्तार

खुटहन,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लोनिया पट्टी गांव में आधी रात को बिजली के मेन लाइन का तार जोड़ते समय विद्युत विभाग की टीम पर लाठी डंडा से हमला कर उन्हें घायल कर देने के आरोपितों में से एक को पुलिस ने रविवार को बिशुनपुर चौराहे के लक्ष्मीशंकर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। पिलकिछा पावर हाउस पर तैनात जेई श्याम अवध यादव ने गत 27 सितंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उपकेंद्र पर आपूर्ति ठप हो जाने पर चार अन्य लाइन मैनो की टीम के साथ फाल्ट खोज रहे थे। आरोप था कि उनकी टीम रात लगभग साढ़े बारह बजे लोनिया पट्टी गांव के एक खेत में लगे खंभे से टूटे कनेक्शन को जोड़वा रही थी। तभी लगभग पचास की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडा से पूरी टीम पर हमला कर दिया। यह भी आरोप लगाया कि परिचय बताने के बाद भी हमलावर नहीं मान रहे थे। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर उनकी जान बची। मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित पांच नामजद के अलावा 40 से 50 अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, 7 सीलए ऐक्ट, सरकारी काम में बांधा सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार राय ने हमराहियों संग लोनिया पट्टी गांव निवासी आरोपित भारत यादव को लक्ष्मीशंकर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# आईआईटी बीएचयू की छात्रा अनन्या को मिलेंगे 13 गोल्ड मेडल

## 16 अक्टूबर को दीक्षांत समारोह का होगा आयोजन

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। आईआईटी बीएचयू में 16 अक्टूबर को 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर 62 मेधावी छात्रों को कुल 123 पदक और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ' इनमें 97 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 24 अन्य पुरस्कार हैं। इस बार केमिकल इंजीनियरिंग की छात्रा अनन्या को 13 गोल्ड मेडल मिलेंगे। वहीं, प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल मैथेमेटिकल साइंस के आदित्य कुलकर्णी और सिविल इंजीनियरिंग के सुयश विजय को मिलेगा।

आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो.अमित पात्रा ने बताया कि आईआईटी बीएचयू के दीक्षांत समारोह में 21 शाखाओं के 1,979 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी. इनमें लगभग 180 पीएचडी शोधार्थी, 282 एमटेक/एमफार्म, 48 एमएससी, 363 एकीकृत द्वैध उपाधि (आईडीडी), 16 बीआर्क औप 1,090 बीटेक छात्र शामिल हैं।

आईआईटी बीएचयू के समारोह में प्रमुख आकर्षण प्रेसिडेंट और डायरेक्टर गोल्ड मेडल होते हैं, जो संस्थान के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। यह प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल, सभी स्नातक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

इस बार यह मेडल केमिकल इंजीनियरिंग विभाग की बीटेक छात्रा अनन्या सिंह को प्रदान किया जाएगा। अनन्या को कुल 17 पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें 13 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक और 3 अन्य पुरस्कार शामिल हैं। वहीं, डायरेक्टर गोल्ड मेडल, सर्वांगीण उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है। इस बार मैथेमेटिकल साइंसेज के आईडीडी छात्र आदित्य कुलकर्णी और सिविल इंजीनियरिंग के बीटेक छात्र सुयश विजय को प्रदान किया जाएगा।

आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धियां संस्थान की शिक्षा, नवाचार और सर्वांगीण विकास को दशार्ती हैं। आईआईटी बीएचयू सदैव ऐसे विद्यार्थियों के निर्माण के लिए प्रयासरत रहा है, जो न केवल तकनीकी रूप से दक्ष हों बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी भी हों। मुझे गर्व है, कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा, अनुसंधान और नेतृत्व के क्षेत्र में निरंतर उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

# कायस्थ महासभा महिला शाखा में प्रीति श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लखनऊ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 उत्तर प्रदेश महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष साक्षी श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द श्रीवास्तव दीनू भईया से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश में महिला शाखा टीम को मजबूत करने के लिए जौनपुर की शिक्षक प्रीति श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रीति श्रीवास्तव सिविल लाइंस जौनपुर की निवासी है और इनके पति अखिलेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शाखा में मनोनीत होने के बाद प्रीति श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष साक्षी श्रीवास्तव एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 23 अक्टूबर को भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को लाने का प्रयास रहेगा।

प्रीति श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शाखा मनोनीत होने पर प्रदेश संरक्षक शशिकला श्रीवास्तव माता, प्रदेश महासचिव निशा श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमति श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव, जौनपुर महिला जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष ज्योत्सना श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, जिला संगठन सचिव विद्या श्रीवास्तव आदि संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगी। उक्त आशय की जानकारी कायस्थ महासभा 7235 उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी सूर्यांश श्रीवास्तव ने दिया।

# सिविल न्यायालय में विचाराधीन मुकदमा के बावजूद भू-माफियाओं ने कानून की अनदेखी कर तहसील में दरख्वास्त डाली

## उक्त भूमि पर पहले ही तीन बार प्रेसीडिंग ड्रॉफ्ट हो चुकी हैं और जमीन मुहम्मद हुसैन के कब्जे में है

आजमगढ़, (उत्तरशक्ति)। आजमगढ़ जिले के तहसील निजामाबाद के ग्राम सीधा सुल्तानपुर निवासी भू-माफिया अजीजुल्लाह उर्फ पप्पू,सलमान, अब्दुल्ला पुत्र वहाब और अलाउद्दीन आदि ने लेखपाल को गुमराह करते हुए एक ऐसी जमीन के लिए अर्जी दी है जिसका मुकदमा पिछले बीस वर्षों से स्थानीय सिविल कोर्ट में विचाराधीन है,जिसकी अगली तारीख आगामी नवंबर माह में है। उक्त जमीन का तीन बार प्रोसिडिंग ड्रॉफ्ट हो चुका है और जमीन पर मुहम्मद हुसैन का कब्जा है।गौरतलब हो कि सिविल कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में किसी को भी हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।इस मामले को लेकर वादी स्वर्गीय मुहम्मद हुसैन के बड़े पुत्र डॉ खालिद आजमी और परिवार के सदस्य डॉ अफजल खान ने कहा कि ग्राम समाज ताल पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को लेखपाल समेत राजस्व विभाग के लोगों को गुमराह करने की सजा मिलनी चाहिए। ज्ञात हो कि उपरोक्त भू- माफियाओं ने सिविल कोर्ट में मामले की सुनवाई होने के बावजूद मृतक रियाज खान की जमीन पर कब्जा कर लिया था,जिसके सदमे को सहन न कर पाने के कारण रियाज खान की मौत हो गई।इन बदमाशों का स्वर्गीय बबलू खान की हत्या में भी नाम आया था।इस मामले को लेकर स्वर्गीय मुहम्मद हुसैन खान के वकीलों ने कहा कि अजीजुल्लाह उर्फ पप्पू, अब्दुल्लाह, सलमान और अलाउद्दीन ने लेखपाल को गुमराह करने का जानबूझकर प्रयास किया है।जिसके लिए उन्हें न्यायपालिका द्वारा दंडित किया जाना चाहिए। यह याद रखना चाहिए कि सिविल कोर्ट में चल रहे मामले में लेखपाल को हस्तक्षेप करने का क्या अधिकार है? बता दें कि अजीजुल्लाह, अब्दुल्लाह और अलाउद्दीन, मुहम्मद हुसैन की जमीन पर जबरन गंदा पानी बहा रहे है।जिसकी वजह से वहाँ प्रदूषण फैल रहा है,जिससे मुहम्मद हुसैन के परिवार, खासकर बच्चों की जान खतरे में है। इससे पहले सीधा गाँव में गंदगी के कारण नट बच्चों की मौत हो चुकी है। हालाँकि मुहम्मद हुसैन इस जमीन को लेकर एक मुकदमा जीत चुके हैं, और इन बदमाशो की अजी दो बार खारिज हो चुकी है।



## रीता सिंह फाउंडेशन द्वारा करवा चौथ का पारंपरिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** रीता सिंह फाउंडेशन और विमला बचत गट की महिलाओं ने करवा चौथ का पावन पर्व बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने करवा माता की सामूहिक पूजा-अर्चना की और सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पूजा कार्यक्रम में मीना, गीता, सुनीता, सुशीला, उर्मिला, ललिता, दिव्या, सीमा, वैभव, भवरी, गीता राठौड़ सहित अनेक महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने मिलकर पारंपरिक परिधान में सजी-धजी होकर व्रत का पालन किया और सांझ की पूजा में भाग लिया। इस आयोजन का नेतृत्व रीता सिंह फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती रीता निलेश सिंह ने किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में फाउंडेशन की प्रतिबद्धता दोहराई और माताजी से प्रार्थना की कि समाज की प्रत्येक नारी को शक्ति, सम्मान और अवसर प्राप्त हो। कार्यक्रम ने न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया, बल्कि महिलाओं के बीच एकता, सहयोग और समर्पण की भावना को भी सशक्त किया।

## पोस्टऑफीस के नए इंस्पेक्टर का स्वागत व निवर्तमान को दी गई विदाई

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज डाक विभाग के नए डाक निरीक्षक के आगमन व पुराने के स्थानांतरण पर दोनों पदाधिकारियों को सम्मान समारोह का आयोजन अनुमंडल क्षेत्र के पकवालिया गांव में ग्रामीण पोस्टमास्टर सुशील कुमार सिंह द्वारा किया गया। डॉक विभाग पूर्वी क्षेत्र के इंस्पेक्टर निशांत कुमार ने नये पुराने डाक ओवरसियर पद पर कार्यरत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। इंस्पेक्टर निशांत कुमार को सबसे पहले महाराजगंज उपडाकघर के बड़ा बाबू रविशंकर ने इंस्पेक्टर निशांत कुमार को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। फिर इंस्पेक्टर निशांत कुमार ने स्थानांतरित ओवरसियर इतिहाक को सम्मानित किए। सराहनीय कार्य की प्रशंसा किया। उनके बाद नये पदस्थापित चंदन जी ओवरसियर और अभिनेष और चंद्रभूषण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नवागत इंस्पेक्टर निशांत कुमार रिडायड बड़ा बाबू राकेश कुमार सिंह तथा पकवलिया निवासी कृष्णा शुक्ला व दूर संचार के सलाहकार दिलीप कुमार सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कहां कि डाक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक सराहनीय कदम और कार्य करने में हौसले अफजाई में सराहनीय कदम है। मौके पर महाराजगंज डाकघर के सभी ग्रामीण पोस्टमास्टर व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ ने दिया आवश्यक निर्देश



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के सभागार में बीते दिन शनिवार को महाराजगंज विधानसभा के सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ बिंदु कुमार की अध्यक्षता में बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें सेक्टर पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं बीएलओ शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्र के सभी मतदाताओं को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप और 12 (डी) फॉर्म का वितरण समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी इस कार्य की निगरानी स्वयं करेंगे ताकि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी मतदाताओं तक यह फॉर्म समय पर पहुंच सके। प्रशिक्षण सत्र के दौरान बीएलओ के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी एप का ट्रायल कराया गया तथा लॉगइन की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के ईओ कुमार, बीएओ कुंदन कुमार बीसीओ मनोज कुमार, बीईओ राजकुमार उपाध्याय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फेक व पेड न्यूज पर नियंत्रण को ले प्रशासन सख्त



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज विधानसभा चुनाव के अवसर पर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीएम के आदेश पर अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम अनीता सिन्हा के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि बिना एमसी प्रमाणन के कोई राजनीतिक विज्ञापन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक अथवा सोशल मीडिया में प्रसारित नहीं किया जाए। उन्होंने कहा है कि मीडिया के सभी प्रतिनिधिगण से निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं जिम्मेदार रिपोर्टिंग की अपेक्षा की जाती है। सोशल मीडिया पर प्रकाशित प्रत्येक समाचार सामाग्री के सत्यापन की जिम्मेवारी संबंधित प्रकाशक की होती है। इसलिए किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पूर्व उसकी सत्यता की पूरी जांच अवश्य कर ली जाए तथा फेक न्यूज से संबंधित मामलों में विशेष सावधानी एवं संवेदनशीलता बरती जाए। एसडीएम ने कहा है कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के पक्ष में प्रचारात्मक समाचार या सामग्री का प्रसारण करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

## पहली बार मतदान वाले वोटरों में बढ़ी वोट डालने की ललक

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार विधान सभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज क्षेत्र में प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों को जोर शोर से किया जा रहा है। प्रखंड, पंचायत एवं गाँव ,मोहल्लों में मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से सघन अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवा युवतियों में उत्साह बढ़ा है। मतदाताओं को इस दौरान संदेश दिया जा रहा है कि 06 नवंबर को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने का अपील किया जा रहा है। मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में काफी उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सभी कॉलेजो एवं विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, वाद विवाद एवं निबंध लेखन आयोजित किया जा रहा है। चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी एसडीएम अनीता सिन्हा के निर्देश पर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में मतदाता जागरूकता गतिविधियां तेज कर दी गई है। जीविका दीदियों, सेविका-सहायिका, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्काउट गाइड एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से स्वीप गतिविधियां की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी, साइकिल रैली, निकाली जा रही है।

## वाराणसी के क्वींस कॉलेज में बन रहा प्रदेश का पहला एआई रोबोटिक लैब



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** जनपद के क्वींस इंटर कॉलेज में एआई रोबोटिक लैब का निर्माण कराया जा रहा है। यह लैब किसी राजकीय कॉलेज में बनने वाला प्रदेश का लैब होगा। इसके निर्माण में 19 लाख रुपये सीएसआर बजट से खर्च किए जा रहे हैं। आईआईटी गांधीनगर के प्रोफेसर और क्वींस कॉलेज के ही पुरातन छात्र प्रो. धीरेंद्र सिंह की ओर से इस लैब का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधानाचार्य सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के तकनीकी और व्यावसायिक कौशल को निखारने और उन्हें भविष्य के कॅरिअर के लिए तैयार करने के लिए इस लैब की स्थापना कराई जा रही है। यह प्रयोगशाला उन्नत शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के केंद्र के रूप में काम करेगी। इससे छात्रों को अत्याधुनिक एआई और रोबोटिक्स बुनियादी ढांचे तक पहुंच मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य नवाचार को गति देना, व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना और शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की खाई को पाटना है। कॉलेज में एआई और रोबोटिक्स लैब की स्थापना का काम चल रहा है। इसे दिसंबर से पहले पूरा किया जाएगा और पढ़ाई शुरू होगी। यह प्रदेश के राजकीय कॉलेजों में स्थापित होने वाला पहला लैब होगा। - हिमांशु नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।

## रोटरी क्लब जौनपुर द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन




**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 की इकाई रोटरी क्लब जौनपुर एवं आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में माँ शारदा धर्मशाला, मैहर देवी मंदिर परिसर, शास्त्रीनगर, परमानतपुर में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रविवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। सर्वप्रथम पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न हुई, तत्पश्चात मरीजों को क्रम संख्या के अनुसार बुलाकर अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम ने 150 मरीजों की जांच किया। इस शिविर में मोतियाबिंद की जांच के साथ-साथ ऑपरेशन की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। ऑपरेशन के लिए कुल 24 चयनित मरीजों को आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल, वाराणसी भेजा गया, जहाँ उनके लिए उपचार, आवास एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क की गई। साथ ही, मरीजों को वाराणसी तक पहुँचाने हेतु मुफ्त परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। क्लब के रोग नवारण एवं उपचार निदेशक एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अजय पाण्डेय ने कहा, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रोटरी क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। इस शिविर के माध्यम से हमने जरूरतमंदों तक यह सेवा पहुँचाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम संयोजक एवं क्लब मंथ चेयर रो. प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, यह शिविर रोटरी क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचायक है। भविष्य में भी ऐसे और शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। पूर्व अध्यक्ष रविकांत जायसवाल एवं मंदिर के ट्रस्टी ने कहा यह शिविर रोटरी क्लब जौनपुर की समाज सेवा के प्रति निष्ठा और दृष्टिहीनता निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा, जिसने कई जरूरतमंदों को नई रोशनी की ओर अग्रसर होने का अवसर प्रदान किया। रोटरी क्लब जौनपुर के अध्यक्ष विवेक सेठी ने आए जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों व टेक्नीशियन एवं रोटरी संरक्षक श्याम बहादुर सिंह, व सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्याम वर्मा, सीए सुजीत अग्रहरि, शिवांशु श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, डॉ ऋषभ यादव, डॉ एकता कनौजिया, मनीष गुप्ता, पंकज जायसवाल, संदीप सेठ जफराबाद, शम्स अब्बास, मनीष गुप्ता, राजेश जवा, संदीप वर्मा, सहित क्लब के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव डॉ. बृजेश कनौजिया ने सभी आगंतुकों, चिकित्सकों एवं सहयोगी संस्थाओं का हृदय से आभार प्रकट किया।

## थाना दिवस पर प्राप्त हुए पांच प्रार्थना पत्र, एक का हुआ मौके पर निस्तारण



**तेजीबाजार, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** थाना तेजीबाजार पर शनिवार को थाना दिवस पर कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित था और एक प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग से संबंधित था जिसमें पुलिस विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया और शेष चार प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। इस दौरान थानाध्यक्ष तेजीबाजार सतेन्द्र भाई पटेल, अधिकारी गण एवं अन्य पुलिसकर्मी सहित कई सम्भ्रांत लोग मौके पर मौजूद रहें।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

**शाहगंज ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सुरिस गांव में सड़क दुघर्टना में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के सुरिस गांव में शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेल रहा तीन वर्षीय अनफ पुत्र अबुसाद मासूम ट्रैक्टर बैक करने के दौरान पहिए के नीचे आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## आत्मनिर्भर भारत और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पर विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन




**वसई।** वसई पूर्व दक्षिण मंडल द्वारा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञाताई पाटिल के मार्गदर्शन में, मंडल अध्यक्ष उदय शेट्टी की अध्यक्षता तथा युवा समन्वयक निशांत शर्मा की पहल पर, आत्मनिर्भर भारत और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बालाजी पार्टी हॉल, नायगांव (पूर्व) में अत्यंत उत्साह और सफलता के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र कुमार गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत₹ की भावना को विस्तार से समझाया और देशवासियों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे जीएसटी सुधारों पर प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट महेश गोर ने गहन मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जीएसटी दरों में रियायतों, व्यापार में पारदर्शिता, और उद्योग क्षेत्र में तेजी से हो रही वृद्धि ने आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। महेश गोर ने यह भी बताया कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत के कृषि, व्यापार और औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख गणमान्य लोगों में मंडल अध्यक्ष उदय शेट्टी, जिला सचिव प्रवीण गावड़े, प्रदेश कामगार मोर्चा सचिव संजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष सकीना नूरानी, मंडल महासचिव विवेक भोस्कर एवं धरेंद्र कुलकर्णी, वरिष्ठ नेता निशिकांत म्हात्रे, उपाध्यक्ष हरेंद्र सक्सेना, चंद्रकांत पाटिल, प्रमोद तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, कैलाश म्हात्रे, कार्यक्रम संयोजक निशांत शर्मा, इसके साथ ही मंडल के अन्य पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी गणमान्यों, आयोजकों और कार्यकताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक-दूसरे का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## समाजसेवी नेता नवीन दुबे का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया



मुंबई। वसई विरार के समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे जनप्रिय नेता नवीन दुबे का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और सादगीपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उनके पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस खास मौके पर राजस्थानी व्यापारी प्रतिष्ठान समाज, मुंबई के अध्यक्ष मयूर सोनी ने भी नवीन दुबे को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु व निरंतर समाज सेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मयूर सोनी ने कहा कि₹नवीन दुबे का समाज के प्रति समर्पण, उनकी नेतृत्व शैली और जनसेवा के प्रति निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे सदैव स्वस्थ, सुखी और सक्रिय रहें झ यही हमारी शुभकामना है। नवीन दुबे को प्राप्त हो रही शुभकामनाएं यह दशार्ती हैं कि समाज में उनके कार्यों का गहरा प्रभाव है और लोग उन्हें दिल से सम्मान व स्नेह देते हैं।

## मुंबई कांग्रेस के नवनियुक्त महासचिव डॉ. आर. आर. सिंह का सम्मान

**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस की अध्यक्षश्रीमती वर्षा गायकवाड द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आर. आर. सिंह (डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह) को मुंबई कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन युवा ब्रिगेड असोसिएशन द्वारा केशव पाड़ा, मुलुंड प. पर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबूलाल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी बीरेंद्र पाठक, डॉ.आर.एम. पाल, डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन), एड. शरीफ खान, मैथ्यू चेरियन, अनिल पाण्डेय, सुरेंद्र मिश्रा, रइस खान, भगवान किशोर तिवारी, राजेंद्र उठवाल, विपुल गोगरी, योगेंद्र श्रीवास्तव (फिल्म निमार्ता), राजेंद्र श्रीवास्तव, राजेश सिंह, मोहित सिंह, मनीष सोनेजी, दयाशंकर पाल, अविनाश पाठक द्वारा शाल, पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया।

## डॉ. हेमंत सावरा की उपस्थिति में पालघर भाजपा में पार्टी प्रवेश समारोह सम्पन्न



**पालघर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, पालघर में एक भव्य पदाधिकारी बैठक एवं पार्टी प्रवेश समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम भाजपा पालघर जिला अध्यक्ष भरतभाई राजपूत के विशेष प्रयासों से आयोजित किया गया था। इस विशेष अवसर पर पालघर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सावरा एवं विक्रमगढ़ के विधायक हरिश्चंद्र भोये प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबाजी कथोले, श्रीमती वीणा ताई देशमुख, प्रकाश निकमजी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावों की रणनीति और जनसंपर्क अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विशेष बात यह रही कि इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने वीडियो कॉल के माध्यम से सभी कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया और सभी कार्यकताओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी सदस्यों का भाजपा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें पार्टी के सिद्धांतों और मूल्यों से अवगत कराते हुए भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष भरतभाई राजपूत और उनकी समर्पित टीम को पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने हार्दिक बधाई दी।

## भाजपा की ठाणे-कोंकण संभागीय चुनावी तैयारी बैठक सम्पन्न, स्नेहा दुबे पंडित भी रहीं उपस्थित




**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की ठाणे-कोंकण संभागीय स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक योजना बैठक आज मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की प्रमुख उपस्थिति रही। बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और निर्वाचन क्षेत्रवार योजना पर व्यापक चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों को चुनावी तैयारियों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस विशेष बैठक में वसई विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधायक स्नेहा दुबे पंडित भी मौजूद रहीं। उनके साथ राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण - राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, वन मंत्री गणेश नाईक, मंत्री नितेश राणे, एवं सांसद नारायण राणे ने भी बैठक में भाग लिया। भाजपा के अन्य प्रमुख नेताओं में महासचिव विक्रांत पाटिल, श्रीमती माधविताई नाईक, ठाणे संभागीय संगठन मंत्री हेमंत म्हात्रे, सांसद हेमंत सावरा, वसई विरार शहर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा पाटिल सहित ठाणे-कोंकण संभाग के सभी विधायक, सांसद, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि यह बैठक ठाणे-कोंकण क्षेत्र में भाजपा की विजय यात्रा को और अधिक सशक्त करेगी और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी।

# शिव भक्ति ही रामभक्ति का मूल है: राजन महाराज

-लाल शेखर सिंह



**प्रतापगढ़ (उत्तरशक्ति)।** पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज के कृपापात्र शिष्य पूज्य राजन महाराज के व्यासत्व में परानूपुर, कुंडा श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़ में 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रति दिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक आनंद पांडे के संकल्प से विधायक कुँवर रघुराज प्रताप सिंह(राजा भैया) के संरक्षण में रामकथा का दिव्य आयोजन किया गया है। कथा के द्वितीय सत्र में श्रद्धालुयों की अपार भीड़ को देखकर पूज्य राजन महाराज ने आल्हादित होकर कहा कि,कुंडा,श्रृंगवेर पुर धाम और प्रतापगढ़ जिला लगता है सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश है। शिव विवाह प्रसंग के आश्रय में कथा गायन करते हुए राजन महाराज ने कहा शिव जी का श्रृंगार वही कर सकता है जो शिवजी के मन को जानता है।शिव विवाह एकमात्र ऐसा विवाह है जिसमें दूल्हे के घर कोई भी मांगलिक कार्य नही हुआ सभी मांगलिक कार्य सभी देवतओं के घर पर हो रहे थे।शिव जी के अद्भुत श्रृंगार का वर्णन राजन महाराज ने सिंगार होखत आ शिव दूल्हा सरकार के सिंगार होखत आ₹ भजन के द्वारा प्रस्तुत किया जिसे सुनकर युवा श्रोताओं की टोली थिरकने लगी। शिव जी को देखकर दुःखी मैना मइया द्वारा नारद जी को बेटी के विवाह का दोषी बनाये जाने पर पार्वती मइया कहती हैं कि कोई किसी का विवाह नही कराता विधि के विधान के अनुसार ही विवाह होता है।अतः किसी को दोष नही देना चाहिए। पूज्य राजन महाराज ने रामभक्ति का मूल मंत्र देते हुए कहा जो भगवान शंकर का भक्त नही बन पाया वह भगवान राम की भक्ति को कभी नही प्राप्त कर सकता।मानस का व्यवहार पक्ष कहता है कि पुत्र जब बड़ा हो जाये तब उसे डाँट कर नही, प्रेम से समझाना चाहिए। पूज्य राजन महाराज ने कहा भक्त का सबसे बड़ा बल विश्वास होता है। विश्वास हो तो भगवान आपके घर में भी प्रगट हो जायेंगे जैसे प्रह्लाद के विश्वास पर भगवान प्रगट हो गये थे। सेटेलाइट द्वारा दिखाई देने वाले चित्रों का हवाला देते हुए राजन महाराज ने कहा कि कैलास पर्वत के ऊपर दो सौ फिट से ऊंची मूर्तिया और एक विशाल बरगद का वृक्ष है जो दिखाई देता है वह हमारे विश्वास का प्रतीक है कि,कैलास पर आज भी भगवान शिव और माता पार्वती का वास है।यही कारण है कि एवरेस्ट पर तो कई पर्वतारोही चढ़े किन्तु आज तक कैलास पर कोई नही चढ़ पाया। परिवेश का प्रभाव हमारे जीवन पर अवश्य पड़ता है।अतः अपने परिवेश के प्रति सदैव सचेत रहें। पूज्य राजन महाराज ने कृपा के महात्म्य को बतलाते हुए कहा.. भगवत कृपा के बिना रामकथा में कोई पहुंच ही नही पाता।राजन महाराज ने श्रोताओं को सुंदर प्रेमसूत्र प्रदान करते हुए कहा कि कुसंग से बचना भी सत्संग ही है।भगवान को मन में देखने का प्रयास कीजिये मंदिर में नही, कृपा से यदि मन मे दिखाई देने लगेंगे तो सर्वत्र भगवान का ही मंदिर हो जाएगा।राजन महाराज ने भगवान के अवतार की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुए कथा के द्वितीय सत्र को विश्राम दिया। अपने वैशिष्ट्य के अनुसार राजन महाराज ने अपने लोकप्रिय भजन. भुतवा नाचै देइ देइ ताल बाबा की बरियात चली..,रामकथा गंगा सुगम बही जाए,पूछे मइया सैल कुमारी कथा कहिये भोले भंडारी.. को अपनी रामकथा के संगीत सारथी विनय भैया एवं वादक वृन्दो की संगत पर मोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

इस प्रकार रामकथा के द्वितीय सत्र में उमड़े श्रद्धालुओं के बीच लखनऊ से आये न्यायाधीश शिवेंद्र मिश्रा, भोजपुरी के लोकप्रिय गायक भरत शर्मा ₹व्यास₹,आस्ट्रेलिया निवासी मार्क गुप्ता,भिलाई से विनोद सिंह, मुम्बई से अजय गुप्ताआदि गणमान्य जनों ने भी रामकथा गंगा में अवगाहन करके अपना पुण्यवर्धन किया।






## नागपुर ग्रामीण पुलिस ने डोडा पाउडर और चुरा पावडर जैसी मादक पदार्थ जप्त किया



नागपुर । डोडा पाउडर और डोडा चूरा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अमली पदार्थ विरोधी ठउद्धर पथक नागपुर ग्रामीण की टीम ने कार्रवाई की है। अमली पदार्थ विरोधी पथक नागपुर ग्रामीण के बोरी पोस्ट के हद्द में गश्त करते समय टीम को गुप्त जानकारी प्राप्त हुई कि बोरी रोडवेज समस्या के पास, राजस्थान राज्य की सीमा से डोडा पाउडर व डोडा चूरा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है।इस जानकारी के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी बृजराज रमेंश्वर सिंह जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश, मनीष बुधराम जिला बालोत्रा, राज्य राजस्थान, रमेश राजुराम बिश्नोई जिला जोधपुर, राज्य राजस्थान। बोरी रोडवेज समराथल राजस्थान ढाबा क्षेत्र में पंचनामा बनाकर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 8.576 किलोग्राम डोडा पाउडर और डोडा चूरा बरामदप हुआ, जिसकी कीमत 1,68,820/- आंकी गई है। और देसी दारू, मोबाइल हैंडसेट, नगद कैश, वाजनकता ये सब मिलकर 41890/- का मुद्देमल ऐसे दो पांचों सामने हिरासत में लिए गए तथा आरोपी विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार, अपर पुलिस अधीक्षक अनील मस्के, सहायक पुलिस अधीक्षक व उप विभागीय पुलिस अधिकारी सावनेर उप विभाग सागर खर्डे, मार्गदर्शन में पो.नि. अजीतसिंह देवरे, पो.उप.नि. प्रवीण भीमटे, पो.ह. प्रवीण देव्हारे, अमृत किंगे, प्रकाश ढोके, दिनेश गाडगे, पो.ना. अमोल नागरे, पो.शि. अनिल खरडकेले, तुषार गजभिये, अमली पदार्थ विरोधी पथक नागपुर ग्रामीण की टीम द्वारा की गई।

## महिला सशक्तीकरण व स्वावलंबन को लेकर निकली जागरूकता रैली

### सर्व समाज की महिलाओं की भागीदारी, स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत का संदेश

-सुरेश गांधी



वाराणसी। गुरु गोविंद सिंह सेवा समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में रविवार को महिला स्वावलंबन, महिला सशक्तीकरण और स्वदेशी अपनाओ के संदेश के साथ एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सर्व समाज की महिलाओं की जबर्दस्त भागीदारी रही, विशेष रूप से मुस्लिम और सिख समाज की महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अजीत सिंह बग्गा ने इस अवसर पर कहा कि अब समय आ गया है कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को व्यवहार में उतारें और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भारतीय होने के नाते हम सभी का कर्तव्य है कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएं। अजीत सिंह बग्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे आधी आबादी को नई दिशा मिली है। उन्होंने मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार को दुनिया का सबसे मजबूत विकास मॉडल बताते हुए कहा कि ह्लेसे ही मॉडल की दरकार आज पूरे विश्व को है, जिससे वसुधैव कुटुंबक, एक धरती, अनेक जीव, एक परिवार, की भावना साकार हो सके। पूर्वांचल महिला योग पीठ की संचालिका और महिला सशक्तीकरण की फायरब्रांड हस्ती निधि सिंह ने महिलाओं का आवाहन करते हुए कहा कि आज की नारी अपनी मयार्दा में रहते हुए भी राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा, अब नारी केवल आंचल में दूध और आंखों में पानी वाली नहीं, बल्कि यत्र नारी पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता की वास्तविक हकदार है।रैली में स्वरोजगार से जुड़ी सैकड़ों महिलाएं, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश निरंकारी, राम बाबू टिंकू चौरसिया, जय मैलानी, रणजीत सिंह, गुंजित सिंह, संजय गुप्ता, सत्य प्रकाश, प्रभाकर सिंह, सुशील लख्मनिया, आनंद पटेल, जैस्मीन जितेंद्र आदि मौजूद रहे।जबकि महिलाओं में उमा बानो, खुर्शीद बानों, गुलशन बानों, नर्गिस सरीन, करीम बिलकिस बानों, मीरा सिंह आदि ने रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

महिला सशक्तीकरण की 5 प्रमुख सरकारी योजनाएँ

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना : कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहन। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना : स्वरोजगार हेतु महिलाओं को बिना गारंटी के ऋण सुविधा। उज्ज्वला योजना : गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन। महिला ई-हाट और स्टार्टअप इंडिया : महिला उद्यमियों को ऑनलाइन बाजार से जोड़ने की पहल। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तीकरण कार्यक्रम : ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में सहयोग। स्वदेशी अपनाओ : लोकल उत्पादों की ओर बढ़ता कदमए बनारसी साड़ी, कालीन, जूट और हस्तशिल्प जैसे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को प्रोत्साहन दें। डिजिटल माध्यमों से वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाएँ।

## पॉल मर्चेंट्स ग्लोबल करेंसी कार्ड लॉन्च

मुंबई। कई अलग-अलग वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली, भारत की एक अग्रणी कंपनी पॉल मर्चेंट्स ने मुंबई में प्रतिष्ठित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में पॉल मर्चेंट्स ग्लोबल करेंसी कार्ड लॉन्च करके एक ऐतिहासिक पड़ाव पार किया है। मास्टरकार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश बंसल, दक्षिण एशिया के प्रोडक्ट्स एंड सोल्यूशंस के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, रवि दातला और पाइन लैब्स के प्रेसिडेंट और इश्यूइंग बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर नवीन चंदानी ने इस कार्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर पॉल मर्चेंट्स फाइनेंस के शाइबू चेरियन, पॉल मर्चेंट्स लिमिटेड के श्री रितेश वैद भी उपस्थित थे। पॉल मर्चेंट्स ग्लोबल करेंसी कार्ड को एक ही कार्ड में नौ प्रमुख वैश्विक करेंसियों को ऑफर करके अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के अनुभवों को नई परिभाषा देने के लिए डिजाइन किया गया है। चिप-एंड-पिन सुरक्षा और 24७7 ग्राहक सहायता के साथ, यात्री दुनिया भर के एटीएम से खरीदारी, भोजन, बुकिंग या नकद निकासी कर सकते हैं, जिससे करेंसी, कई कार्ड रखने या विदेशी करेंसी दरों में उतार-चढ़ाव की चिंता से मुक्ति मिलती है। इस कार्ड को मास्टरकार्ड के दुनिया भर में फैले हुए एक्सेप्टेंस नेटवर्क और पाइन लैब्स की उन्नत पेमेंट टेक्नोलॉजी के लाभ मिलेंगे। दुनिया भर में पहुंच और अत्याधुनिक लेनदेन क्षमताओं को एक साथ लाकर हर कार्डधारक को एक सहज अनुभव मिलेगा।

पॉल मर्चेंट्स फाइनेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर, रजनीश बंसल ने कहा, पिछले तीन दशकों की हमारी यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। ग्लोबल करेंसी कार्ड नवाचार और ग्राहक सुविधा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक ही कार्ड में नौ करेंसियां होने की वजह से, यात्रियों को करेंसी, कई कार्डों को रखने या विदेशी मुद्रा दरों के अचानक बढ़ने से बचने का आसान तरीका मिल गया है। अब वे दुनिया भर में एक सहज अनुभव का आनंद ले सकते हैं।मास्टरकार्ड और पाइन लैब्स के साथ हमारा सहयोग हमें एक ऐसा उत्पाद प्रदान करने में सक्षम बनाता है जो अत्याधुनिक और ग्राहक-केंद्रित दोनों है। मास्टरकार्ड में दक्षिण एशिया के प्रोडक्ट्स एंड सोल्यूशंस के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, रवि दातला ने कहा, यह सहयोग भारतीय उपभोक्ताओं के लिए उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं को सरल बनाने की दिशा में एक स्मार्ट कदम है।

## नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज ने आयोजित किया 16वां दादा नारी गुरसहानी फेस्टिवल विधि मंथन



उल्हासनगर, कल्याण।हैदराबाद सिंध नेशनल कॉलेजिएट बोर्ड के अंतर्गत आने वाला नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज, जो मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध है, ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन दादा नारी गुरसहानी फेस्टिवल विधि मंथन 2025-26 का सफल आयोजन किया। इस वर्ष का विषय था नेशनल लेवल लॉ फिएस्टा बैटल ऑफ विट्स (बुद्धिमत्ता की जंग)।

यह भव्य आयोजन 11 अक्टूबर 2025 को कॉलेज परिसर, उल्हासनगर में संपन्न हुआ, जिसमें ठाणे और मुंबई जिले के प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने क्षेत्र के उभरते विधि विद्यार्थियों के बीच बौद्धिक संवाद और विधिक विवेचना का एक ऊजार्वान वातावरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे माननीय न्यायमूर्ति ए. आर. जोशी (सेवानिवृत्त), बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने प्रत्येक अधिवक्ता के लिए आवश्यक गुणों पर प्रकाश डाला और भारतीय न्याय प्रणाली में अपने 25 वर्षों के अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने कॉलेज द्वारा आयोजित इस सुव्यवस्थित और सार्थक फेस्ट की सराहना की, जो भावी वकीलों में आलोचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और पेशेवर उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है। फेस्ट में चार बौद्धिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं कॉन्स्टिट्यूशनल क्लैश, केस क्रैकर, जस्टिस टैंक और कॉमिक कोर्ट जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों की विधिक तर्कशक्ति, विश्लेषणात्मक क्षमता और वकालत कौशल की परीक्षा लेना था। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन एडवोकेट पूजा गाला और एडवोकेट सिद्धसेन यादव ने किया, जिन्होंने अपने विधिक अनुभव और निष्पक्ष दृष्टिकोण से प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

दिनभर चले इस प्रतियोगी आयोजन में विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटीज कॉलेज ऑफ लॉ, चेंबूर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता का खिताब जीता, जबकि किशनचंद चेलाराम कॉलेज ऑफ लॉ, चर्चगेट को रनर-अप घोषित किया गया। नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूरे आयोजन में अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक सजीव, प्रतिस्पर्धात्मक और शैक्षणिक बना। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायी माहौल में हुआ, जहाँ विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अतिथियों ने विधि मंथन 2025-26 की सफलता की सराहना की। न्यायमूर्ति जोशी के साथ सत्र इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसे विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय अनुभव बताया। इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज विधिक शिक्षा में शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और समग्र विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता बनाए हुए है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन का आयोजन संपन्न

रामगढ़ ,सोनभद्र ( उत्तरशक्ति )।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा रविवार की शाम रामगढ़ कस्बे में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यवाह दिनेश व खंड संघ चालक लवकुश के नेतृत्व में पथ संचलन आयोजन रविवार शाम 5:00 बजे संगम इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुआ जो पन्नुगंज सब स्टेशन से वापस संगम इंटर कॉलेज पर समापन हुआ। पूर्ण निर्धारित गणवेश में सजे सैकड़ो स्वयंसेवक ने अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए रामगढ़ कस्बे में भ्रमण किया पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जैसे देशभक्ति नारे लगाते रहे।पूरे कस्बे में देशभक्ति का उल्लास देखने को मिला पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासन एकता और संगठन की भावना लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं दूसरी तरफ एकता व अखंडता का प्रतीक भी देखने को मिला भाजपा अल्पसंख्यक पदाधिकारी जहांगीर खान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों पर फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला कार्यवाहक दिनेश ने कहा कि संघ का पथ संचलन केवल एक परेड नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समाज सेवा की भावना का प्रतीक है खंड संघ चालक लवकुश ने कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक समाज में एकता श्रद्धा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में जिला पर्यावरण प्रमुख सुशील पांडेय,ग्राम विकास प्रमुख अशोक चंद्रवंशी, खंड कार्यवाह लालू यादव,संघ खंड कार्यवाह सुनील,खंड व्यवस्था प्रमुख त्रिलोकी अग्रवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र बिंद,पथरहा ग्राम प्रधान जितेंद्र बहादुर सिंह,रतहरा ग्राम प्रधान नीरज सिंह, प्रशांत मिश्रा,रोशन,सुशील मिश्रा, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पूर्व महापौर स्व. आर. आर. सिंह गलत जाति प्रमाण पत्र के आरोप से बरी



मुंबई। 2002 के बृहनमुंबई मनपा चुनाव के दौरान पूर्व महापौर आर. आर. सिंह द्वारा दाखिल किये गये ओबीसी कुनबी जाति प्रमाण पत्र को गलत प्रमाणित कर उनके जीत के बावजूद उनका चुनाव रद्द घोषित करने के जाति पड़ताल समिति के आदेश को मुलुंड मेट्रोपोलीटन कोर्ट द्वारा लम्बी बहस एवं सुनवाई के पश्चात 25 सितंबर 2017 को जारी आदेश में उन्हें बाइज्जत बरी घोषित किया है। वार्ड क्रमांक 221 के चुनाव में 2002 में आर. आर. सिंह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए थे। 2003 में उन्हें नकली जाति प्रमाण पत्र के आरोप में मुलुंड पुलिस द्वारा 12 गंभीर धाराएं लगा कर गिरफ्तार किया गया था। विरोधी पक्ष के लोगों द्वारा अभी तक पूर्व महापौर के खिलाफ झूठे दुष्प्रचार को समाप्त करने हेतु पूर्व महापौर के सुपुत्र डॉ. आर. आर. सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबूलाल सिंह द्वारा यह जानकारी प्रेषित की गयी है।

## मॉइनारिटी वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में सम्मान समारोह सम्पन्न




जौनपुर ( उत्तरशक्ति ) । शहर के हिंदी भवन में आज मॉइनारिटी वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट 2025 की परीक्षा में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले कुल 240 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल,प्रशस्ति पत्र प्रदान करके पुरस्कृत किया गया ।

कार्यक्रम में डॉक्टर रागनी सोनकर विधायक मछलीशहर बतौर मुख्य अतिथि एवं डॉ. ए .ए .जाफरी सी एम एस मेडिकल कॉलेज व कमाल फारूकी प्रतिनिधि चेयरमैन मड़ीयाहूँ डॉ.नोमान खान व सरदार गुरमीत सिंह व शशांक सिंह रानू पूर्व अध्यक्ष श्री दुर्गा पूजा महा समिति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अध्यक्षता हफीज शाह अध्यक्ष माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी ने की। सम्मान समारोह की शुरूआत कुरआन ए पाक से हाफिज अफसार अय्यूब ने किया उसके बाद एक छोटी बच्ची ने देश भक्ति गीत से महफिल को मनमुग्ध कर दी।

मुख्य अतिथि रागनी सोनकर ने कहा कि जौनपुर शिक्षा का केंद्र रहा है जिस आधार पर इसको शीराज-ए-हिन्द की ख्याती प्राप्त है छात्रों को निरंतर अपने टारगेट पर फोकस करके प्रयास करते रहना चाहिए मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है।सभी बच्चे जो आज सम्मानित हो रहे हैं यही कल मंच पर बैठेंगे। विशिष्ट अतिथि कमाल फारूकी ने कहा की यह संस्था पुरे जिले के मेघावी बच्चों को सम्मानित करके उनका उत्साह बढ़ा रही है जिससे इन बच्चों का आत्मविश्वास और मजबूत होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. नोमान खान ने कहा की बच्चों को विशेष रूप से अपने आप को जागरूक रखने की जरुरत है समाज में घटित घटनाओ को पैनी नजर से देखना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ.ए.ए.जाफरी ने कहा कि बच्चे अपने जीवन में कठिन परिश्रम करें जिससे एकदिन सफलता इनका कदम चूमेगी। ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए गुरमीत सिंह,शशांक सिंह रानू ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार भी आवश्यकता है। इसी कड़ी में डॉ. वकील नजीर इण्टर कॉलेज मानीकलां की छात्रा मीरब महताब ने अपने संबोधन में कहा, कि शिक्षा पर सभी माता पिता को जोर देना चाहिए, और बच्चे बच्चियों को हर हाल में शिक्षा देना चाहिए, चाहे उसके लिए एक वक्त आपको भूखा ही क्यों न रहना पढ़ें, मगर शिक्षा किसी भी हाल में नहीं छूटनी चाहिए। मीरब महताब 91.5% हाई स्कूल ,उम्मे कुलसुम जमशेद 87.5% हाई स्कूल को प्रसुति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभासद अबुजर शेख, हाजी एजाज अहमद, हाजी सैय्यद फरोग, हाजी राशिद, शोएब कलाम बेलाल खान, मो आसिम, फिरोज अहमद पप्पू, पप्पू भाई मड़ीयाहूँ, आमिर, शहाबुद्दीन, तौसीफ, शहबाज खान, आफताब शाह, अतीक अहमद, जाफर खान, नदीम अंसारी,आमिर कुरैशी, माजिद, सहित अन्य लोग मौजूद थे संचालन मेंहदी रजा एडवोकेट ने किया आभार संस्था अध्यक्ष हफीज शाह ने किया।

## श्रेयस मीडिया पूरे भारत में कार्निवल शुरू करने के लिए तैयार

मुंबई। श्रेयस मीडिया द्वारा आयोजित विजयवाड़ा उत्सव ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान पाकर दुनिया का सबसे बड़ा कार्निवल बनकर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया। भारत, अमेरिका, कनाडा और यूएई में 3,500 से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर चुकी कंपनी ने लाखों लोगों को जोड़ते हुए अपनी आयोजन क्षमता साबित की। अब श्रेयस मीडिया देशभर में बिहू, ओणम, गणेश चतुर्थी, पोंगल, लोहड़ी, दुर्गा पूजा और संक्रांति जैसे त्योहारों पर इसी तरह के कार्निवल आयोजित करने की योजना बना रही है।

श्रेयस मीडिया आंध्र प्रदेश के अराकू और गंडिकोटा जैसे पर्यटन स्थलों पर विदेशी कलाकारों के साथ सालभर उत्सव मनाएगा। कृषि को बढ़ावा देने के लिए इस संक्रांति पर भव्य किसान महोत्सव आयोजित किया जाएगा। विजयवाड़ा उत्सव की तर्ज पर कंपनी विशाखापत्तनम और तिरुपति में नववर्ष और संक्रांति मनाएगी, जबकि विजयवाड़ा में दिवाली, नववर्ष और संक्रांति उत्सव होंगे। साथ ही, आंध्र प्रदेश में सालभर 30 बड़े संगीत कार्यक्रम और अराकू कॉफी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

श्रेयस मीडिया के संस्थापक गंद्रा श्रीनिवास राव ने बताया कि विजयवाड़ा उत्सव को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आयोजित कर कंपनी ने कार्निवल क्षेत्र में अपनी बौद्धिक संपत्ति स्थापित की है। उन्होंने कहा, भारत विभिन्न संस्कृतियों का अद्भुत संगम है और अपने उत्सवों के लिए जाना जाता है। विजयवाड़ा उत्सव जैसे कार्निवल विभिन्न राज्यों में आयोजित कर हम त्योहारों को यादगार अनुभव बना सकते हैं, देश-विदेश के लोगों को एक मंच पर ला सकते हैं और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित कर सकते हैं। ऐसे आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे, राज्य सरकारों की आय बढ़ाएँगे, ब्रांडों को बढ़ावा देंगे और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा उत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की थी, क्योंकि इस आयोजन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान पाकर अमरावती को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई है।

श्रीनिवास ने बताया कि आमतौर पर दशहरा के दौरान विजयवाड़ा में करीब 15 लाख लोग आते हैं, लेकिन इस साल विजयवाड़ा उत्सव के कारण लगभग 50 लाख लोगों ने शहर का रुख किया। इससे स्थानीय स्तर पर लगभग 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। उत्सव में 15 लाख से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जिससे 25,000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला। विजयवाड़ा एक्सपो में 600 स्टॉल भी लगाए गए थे। श्रीनिवास ने बताया कि श्रेयस मीडिया ने अगले पाँच वर्षों में विजयवाड़ा उत्सव के माध्यम से 5,000 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है। यदि राज्य सरकारें सहयोग करें, तो कंपनी देशभर के शहरों में ऐसे कार्निवल आयोजित करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कई ब्रांड पहले ही ऐसे आयोजनों को समर्थन देने के लिए आगे आ रहे हैं। श्रीनिवास ने यह भी बताया कि श्रेयस मीडिया ने पहले महाकुंभ मेले के विज्ञापन अधिकार हासिल कर हजारों ब्रांडों को करोड़ों लोगों से जोड़ा था, और अब वही सफलता कार्निवल के जरिए दोहराने की योजना है।

## रीता सिंह फाउंडेशन द्वारा करवा चौथ पर्व का भव्य आयोजन



मुंबई। रीता सिंह फाउंडेशन और विमला बचत गट की महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। इस विशेष अवसर पर सभी महिलाओं ने करवा माता से सुख, शांति, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत सुंदर सामूहिक पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें मीना, गीता, सुनीता, सुशीला, उर्मिला, ललिता, दिव्या, सीमा, वैभव, भवरी, गीता राठौड़ सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया और इस सांस्कृतिक आयोजन को यादगार बनाया। पूजन कार्यक्रम का नेतृत्व रीता सिंह फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती रीता निलेश सिंह ने किया। उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण की भावना को आगे बढ़ाते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने न सिर्फ महिलाओं को एक मंच पर एकत्र किया, बल्कि भारतीय परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की भावना को भी सुदृढ़ किया।

## एसके हेयरड्रेसिंग स्कूल का मुंबई में प्रशिक्षण केंद्र शुरू




मुंबई। भारत में हेयरड्रेसिंग के क्षेत्र में विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए प्रसिद्ध एसके हेयरड्रेसिंग स्कूल ने अपना दूसरा प्रशिक्षण केंद्र आज मुंबई में शुरू किया। भारतीय सैलून उद्योग में कुशल पेशेवरों की कमी को दूर करना और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को ऊँचा उठाना इस पहल का उद्देश्य है। यह पहल एसके ब्यूटी रिसोर्सेज कंपनी के नेतृत्व में की जा रही है। मुंबई का नया केंद्र महालक्ष्मी स्थित टंटिया जोगानी एस्टेट में खोला गया है। गुरुग्राम में इस साल की शुरूआत में सैलून शुरू करने के बाद, स्कूल का यह दूसरा सैलून है। कंपनी वर्तमान में कार्यरत और नए हेयरड्रेसर्स दोनों को न सिर्फ उन्नत हेयरड्रेसिंग तकनीकों का प्रशिक्षण देती है, बल्कि व्यवसायिक कौशल भी सिखाती है। इस उद्योग में कुशल पेशेवरों की संख्या बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण स्टाइलिस्टों की कमी को दूर करना कंपनी का लक्ष्य है।

एसके ब्यूटी रिसोर्सेज के निदेशक शुभम विरमानी ने कहा, एसके हेयरड्रेसिंग स्कूल को इस उद्देश्य से बनाया गया है कि यह पेशेवरों को उनके हर स्तर पर सक्षम बनाए। हमारा मकसद यह है कि जो सैलून मालिक अपने कर्मचारियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देना चाहते हैं, या जो नए विद्यार्थी तथा अनुभवी हेयरड्रेसर अपने कौशल को निखारना चाहते हैं, इन सभी को श्रेष्ठ और सुलभ शिक्षा प्रदान की जाए। मुंबई में एसके हेयरड्रेसिंग स्कूल की शुरूआत के साथ हमने कुशल सैलून पेशेवरों का सशक्त समुदाय बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। एसके ब्यूटी रिसोर्सेज के दुसरे निदेशक अंकित विरमानी ने कहा, हमारा मानना है कि पेशेवर शिक्षा सैलून उद्योग की सफलता की नींव है। आधुनिक और व्यापक प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म के माध्यम से हम सैलून पेशेवरों को नई तकनीकों, ज्ञान और उद्योग के नवीनतम रुझानों से लैस कर रहे हैं। देश के ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर में कौशल और मानकों को ऊँचा उठाना हमारा लक्ष्य है। एसके हेयरड्रेसिंग स्कूल का यह विस्तार देश के संगठित सैलून सेक्टर में मौजूद बड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखकर किया गया है। सैलून मालिकों को अक्सर प्रशिक्षित हेयरड्रेसर्स और स्टाइलिस्टों की भर्ती और उन्हें बनाए रखने में कठिनाई होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका प्रमुख कारण है औपचारिक प्रशिक्षण संस्थानों की सीमित उपलब्धता और अन्य सेवा क्षेत्रों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा।

## किसना ने झारखंड में बढ़ाया अपना विस्तार, गिरिडीह में खोला चौथा एक्सक्लूसिव शोरूम

गिरिडीह। भारत की अग्रणी डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने झारखंड के गिरिडीह में अपने चौथे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। यह शोरूम टॉवर चौक पर स्थित है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया एवं नगर एवं पर्यटन कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, झारखंड सरकार।

त्योहारी सीजन के अवसर पर, किसना अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लेकर आया है डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट साथ ही, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट इसके अलावा, किसना का शॉप एंड विन कैम्पेन भी जारी है, जिसमें ग्राहक डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की खरीद पर 1000 से अधिक स्कूटी और 200 से अधिक कारें जीतने का मौका पा सकते हैं।

घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहाः झारखंड हमारे लिए एक उभरता और संभावनाओं से भरा बाजार है। गिरिडीह में इस त्योहारी सीजन में हमारा पहला एक्सक्लूसिव शोरूम खोलना हमारे विकास और जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमें हमारे विजन हर घर किसना के और करीब लाता है, जिससे हम हर भारतीय महिला के लिए डायमंड ज्वेलरी को सुलभ और आकर्षक बना सकें। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहाः गिरिडीह हमारे पूर्वी भारत के विस्तार का एक अहम हिस्सा है। यह लॉन्च ग्राहकों को भरोसे, गुणवत्ता और आकर्षक डिजाइनों से भरा एक यादगार ज्वेलरी शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा। फ्रेंचाइजी पार्टनर्स संजय बगरिया, विकास बगरिया और मनीष बरनवाल ने कहाः किसना जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है।

## अब एक और देश में तख्तापलट की कोशिश, राष्ट्रपति की चेतावनी

मेडागास्कर। हिंद महासागर में स्थित द्वीप राष्ट्र मेडागास्कर में रविवार को तख्तापलट की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने दावा किया कि देश में अवैध रूप से और बलपूर्वक सत्ता हथियाने का प्रयासश्‍ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वे राष्ट्रीय जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस स्थिति से अवगत कराना चाहते हैं। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को कुछ सशस्त्र बलों के सदस्य राजोएलिना के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाले प्रदर्शन में शामिल हुए। ये प्रदर्शन 25 सितंबर से चल रहे हैं और मुख्य रूप से सरकारी भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ हैं। इस स्थिति ने मेडागास्कर में राजनीतिक अस्थिरता की आशंका बढ़ा दी है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें अब देश की सुरक्षा और सरकार की स्थिति पर टिकी हैं। मेडागास्कर में राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना के शासन के लिए सबसे गंभीर चुनौती सामने आ गई है। 2009 के तख्तापलट में उन्हें सत्ता में लाने में मदद करने वाली यूनिट के सैनिकों ने अब साथी सैनिकों से आदेशों की अवहेलना करने और युवाओं के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों का समर्थन करने का आग्रह किया।

## जनता की सरकार, जनता के दम पर : महादेव राउत मंडल

पटना। लोकतांत्रिक जनता दल के प्रदेश संयोजक महादेव राउत मंडल ने कहा कि बिहार में अब वही राजनीति चलेगी जो जनता की आवाज से जन्म लेगी, न कि पूंजीपतियों के धनबल से। उन्होंने कहा कपूरी ठाकुर की सादगी, शरद यादव की समाजवादी दृष्टि, कांशीराम की जागृति और बाबा साहब अंबेडकर के संवैधानिक मूल्य हमारे आंदोलन की चार मजबूत नींव हैं। हमें ऐसी सरकार चाहिए जो जनता के प्रति मजबूर हो, न कि धनबल के दम पर मजबूत। महादेव जी ने कहा कि लोकतांत्रिक जनता दल धनबल और वोट-खरीदी की राजनीति के खिलाफ जनजागरण चला रही है। जो प्रत्याशी करोड़ों रुपये खर्च कर वोट खरीदेगा, वह जनता को नहीं बल्कि लोकतंत्र को बेचता है। अब बिहार में ईमानदारी और जनसेवा की राजनीति को जगह देनी होगी। उन्होंने बताया कि एलजेडी ने 243 विधानसभा सीटों पर जनसुझाव, प्रत्याशी आवेदन और चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ऐसे उम्मीदवारों की तलाश में है जो समाजसेवी, स्वच्छ छवि वाले और जनता के मुद्दों से जुड़े हों। शिकायत या सुझाव के लिए संपर्क नंबर 9204308062 जारी किया गया है। महादेव राउत ने कहा नीतीश, भाजपा, राजद और जनसुरज की तिकड़ी से जनता ऊब चुकी है। नया रास्ता तीसरे मोर्चे से होकर जाता है। एआईएमआईएम, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी और लोक शक्ति पार्टी के साथ विचार-विमर्श हो चुका है। तीसरे मोर्चे की